छत्तीसगढ़ में कपास का उत्पादन नहीं होता। यद्यपि दन्तेवाड़ा, बस्तर, सरगुजा एवं धमतरी जिलों के अल्प क्षेत्र में इसकी खेती की जा रही है। केन्द्रीय पोषित सघन कपास विकास कार्यक्रम जगदलपुर, दन्तेवाड़ा और कांकेर जिलों में चलाया जा रहा है।

**साधना खलखो**
बी.एस.सी. (होम साईंस) II






## छत्तीसगढ़ गान

सुख का दाता सबका साथी शुभ का यह संदेश है,

माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा छत्तीसगढ़ प्रदेश है।
सिहावा सा भाल महानदी का जल जिसके पास है,
यहाँ ज्ञान–विज्ञान कला का लिखा गया इतिहास है।
उर्वर भूमि, सघन वन, रत्न, सम्पदा जहाँ अशेष है,
स्वर सौरभ सुषमा से मण्डित मेरा छत्तीसगढ़ प्रदेश है।

सुख का दाता सबका साथी शुभ का यह संदेश है,
माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा छत्तीसगढ़ प्रदेश है।

सोनाखान की कल–कल से गुंजित कथा तान, बलिदान की
भोरमदेव में कथा कला की, रामगढ़ में राम की।
खरौद आदिकाल का पत्थर पर अभिषेक है,
तीन नदियों का संगम राजिम में ऐसा छत्तीसगढ़ प्रदेश है।

सुख का दाता सबका साथी शुभ का यह संदेश है,
माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा छत्तीसगढ़ प्रदेश है।।

**आकांक्षा राठौर**
बी.एस.सी. (बायो) III

# छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल

**राजिम :**

छत्तीसगढ़ की माटी एवं महानदी घाटी पर स्थित राजिम ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है यह गरियाबंद जिले की मानचित्र में महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करती है। पंचकोषी पद्मावतीपुरी आदि उपनामों से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग या संगम के नाम से प्रसिद्ध– महानदी, पैरी, सोढूर, नदियों का त्रिवेणी संगम है।

**चन्द्रपुर :**

महानदी मांड व लात नदियों के संगम पर स्थित चन्द्रपुर प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक स्थल है जांजगीर चाँपा जिले के डभरा तहसील के समीप स्थित है। चन्द्रहासिनी देवी का प्रख्यात 'मंदिर' तथा 'नाथलदाई' का मंदिर धार्मिक आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। यहाँ बलि देने की प्रथा आज भी प्रचलित है।

**तातापानी :**

भू–गर्भिक गर्म जलस्त्रोत के लिए प्रसिद्ध तातापानी प्रकृति का अनोखा स्थल है बलरामपुर जिले में अम्बिकापुर–रामानुगंज राजमार्ग पर स्थित है। यहाँ स्वतः $98^0$ C ताप का गर्म पानी फव्वारे के रूप में निकलता रहता है। सल्फर की उपस्थिति के कारण यहाँ का जल चर्म रोगियों के लिए लाभकारी होता है।

**कैलाश गुफा :**

'गहिरा गुरू आश्रम' नाम से विख्यात कैलाश गुफा की प्राकृतिक सौन्दर्यता दर्शनीय है जशपुर जिले के बगीचा तहसील से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। 'गंगा झरना' प्रकृति की करिश्माई देन है। पहाड़ी कोरवा जनजाति का सामाजिक स्थल है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेला भराता है यहाँ पर भी अनेक प्रकार के वन्य जीव भी निवासित है।

**कुनकुरी चर्च :**

'ईसाईयों' की तीर्थ स्थल, कुनकुरी छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थलों में से एक है जशपुर जिले में रायगढ़–जशपुर राजमार्ग पर स्थित है। एशिया का सबसे बड़ा कैथोलिक चर्च होने का गौरव प्राप्त है।

**तपकरा :**

'नागलोक' के नाम से प्रसिद्ध तपकरा पर्यटन स्थल है। जशपुर जिला के ईब नदी के तट पर स्थित है। नगेशिया जनजाति मे सामाजिक, सांस्कृतिक धरोहर का केन्द्र है। प्राकृतिक रूप से नागों का वास स्थान है। वर्तमान में रेप्टाइल परियोजना प्रस्तावित है।

**चित्रकूट :**

'भारत का नियाग्रा' चित्रकूट की प्राकृतिक छटा दर्शनीय है। इन्द्रावती नदी पर 90 फीट ऊँचाई से गिरते हुए जलप्रपात को देखना रोमांचक अनुभव होता है। भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात होने का श्रेय प्राप्त है यह जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर स्थित है।

**मैनपाट :**

यह भी छत्तीसगढ़ का पर्यटन स्थल है यह सरगुजा जिले के अम्बिकापुर से 40 किलोमीटर दूर में स्थित है। यहाँ मैनपाट में बहुत घने जंगल हैं इनमें बहुत सारे वन्य जीव भी रहते हैं और इनमें टाइगर पाईंट भी है। यहाँ पर भी प्रकृति की देन झरना है जहाँ ऊपर से पानी नीचे गिरता रहता है।

**तमता पहाड़ :**

यह भी छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल है एक बड़ा पहाड़ है जो लगभग 700 फीट ऊँचा है। यहाँ पहाड़ में एक छोटा सा कुँआ भी है जिसमें पानी कभी नहीं सूखता है। और यह जशपुर जिले के पत्थलगाँव तहसील से 30 कि.मी. दूर में स्थित है। यहाँ पर पौष महीने में मेला लगता है। इसे देखने के लिए लोग दूर–दूर से आते हैं।

**भारती गुप्ता**
बी.एस.सी. (बायो) II



# छत्तीसगढ़ भारत का आईना

हे! छत्तीसगढ़ तू भारत का आईना है! अपनी पलकें न झुका, अपनी आँखें न रौंये क्योंकि तू खोई नहीं है अपनी पहचान। क्योंकि तुझे पता नही है, तूने अपनी कोख से शूरवीरों को जन्म दिया है, जिसने तेरे इतिहास को उजागर बनाया है।

हे ! छत्तीसगढ़ तू भारत का आईना है। जिस तरह आईना अपनी छवि दिखाती है, उसी तरह छत्तीसगढ़ अपनी छवि से धान का कटोरा कहलाया है। भारत में जिस तरह कई भाषाएं बोली जाती हैं, उसी तरह छत्तीसगढ़ में कई बोलियां बोली जाती है। छत्तीसगढ़ तू अपने आप में ही, सर्वसम्पन्न है, इसलिए छत्तीसगढ़ को गुजरात से लिंक किया गया है, जिसकी रहन, सहन और सभ्यता निराली है।

हे! छत्तीसगढ़ तू भारत का आईना है। छत्तीसगढ़ में कई ऋषि–मुनियों और महापुरूषों ने जन्म लिया, जिससे इस धरती को पावन बना दिया है। जिसकी महक और सुन्दरता पूरे राज्य मे दिखाई देती है। इसमें कई धर्मों और जातियों के लोग निवास करते हैं।

हे ! छत्तीसगढ़ तू भारत का आईना है। अपनी विशाल विरासत के कारण 36 गढ़ों की वजह से तू छत्तीसगढ़ कहलायी जिसकी संस्कृति और सभ्यता सबसे भिन्न है। इसलिए तू भारत का आईना है। हे ! छत्तीसगढ़ तेरी भी पहचान तेरा खुद का इतिहास है। तेरी कोख से जन्में बिलासपुर के विकास श्रीवास और जांजगीर, चाँपा के मनोज अग्रवाल देश के हित के लिए चन्द्रयान मिशन 2 में महत्वपूर्ण सहयोग दिये। इसी तरह तू अपनी इतिहास रचते जा और अपनी विशालता से इस राज्य को रोशन कर जिस तरह टिन का उत्पादन तेरे ही राज्य में अधिक होता है, उसी तरह इस राज्य में रहने वाली तीजनबाई कला के क्षेत्र में पद्मविभूषित है और इस राज्य का नाम रोशन कर रही है।

हे ! छत्तीसगढ़ तू अपनी पहचान बनाते जा क्योंकि तू भारत का आईना है।

**मुनेश्वरी राजवाड़े**
बी.कॉम. II

# HAPPINESS IS AN INSIDE JOB

Focus on gratitude
Become an optimist
Think kindly thoughts
Trust divine providence
Be full of hope
Turn to forgiveness
Return good for evil
Be positive
Be more patient
Becoome mature
Enjoy the beauty that is all around you
Pray for trust
Control your tongue
Turn to virtue
Hang in there!



# छत्तीसगढ़ का खजाना

गुरू घासीदास—सा ज्ञानी हूँ मैं,
पंडित रविशंकर—सा राजनीतिज्ञ हूँ मैं,
ठाकुर प्यारेलाल सा बलवान हूँ मैं,
अविचल, अडिग, पराक्रमी छत्तीसगढ़ हूँ मैं।

चित्रकोट—सा विशाल हूँ मैं,
दक्षिण कोशल—सा इतिहास हूँ मैं,
गौरलाटा—सा सर्वोच्च शिखर हूँ मैं,
पहाड़ी मैना—सा मधुर हूँ मैं,
धान का कटोरा हूँ मैं,
अविचल, अडिग, पराक्रमी छत्तीसगढ़ हूँ मैं।।

महानदी—सा समृद्धि का स्त्रोत हूँ मैं
कोरिया के 'अमृतधारा' और चिरमिरी सा खूबसूरत हूँ मैं,
कोयले इस्पात का बहुतायत हूँ मैं,
अविचल, अडिग, पराक्रमी छत्तीसगढ़ हूँ मैं।

मध्य भारत हृदय स्थल हूँ मैं,
रायपुर—सा गौरव हूँ मैं,
भिलाई—सा प्यारा हूँ मैं,
बिलासपुर—सा निराला हूँ मैं,
अम्बिकापुर—सा साफ—सुथरा हूँ मैं,
अविचल, अडिग, पराक्रमी छत्तीसगढ़ हूँ मैं।।

भोरमदेव—सा मजबूत हूँ मैं,
कला का केन्द्र खैरागढ़ हूँ मैं,
फरा चीला—सा नमकीन, तिल, गुड़ सा मीठा हूँ मैं,
पंडित सुंदरलाल शर्मा सा कवि हूँ मैं,
करोड़ों दिलों का एक परिवार हूँ मैं
अविचल, अडिग, पराक्रमी छत्तीसगढ़ हूँ मैं।।

**कावेरी बैश**
बी.एस.सी. (गणित) II

# छत्तीसगढ़ की प्रमुख सरकारी योजनाओं के नाम

1. मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना । (15 नवम्बर 2019)
2. मुख्यमंत्री स्वादिष्ट चना वितरण योजना। (23 अगस्त 2019)
3. पौनी पसारी योजना। (23 अगस्त 2019)
4. मिनीमाता अमृत धारा नल योजना। (11 अगस्त 2019)
5. आजीविका अंगना योजना। (1 अगस्त 2019)
6. प्रबल योजना। (13 जुलाई 2019)
7. मोर छत, मोर बिजली योजना। (1 मई 2019)
8. बिजली बिल हॉफ योजना। (1 मार्च 2019)
9. सुराजी गाँव योजना। (8 फरवरी 2019)
10. डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना। (1 जनवरी 2019)
11. मुख्यमंत्री मितान योजना छत्तीसगढ़। (12 जनवरी 2020)
12. कृषक जीवन ज्योति योजना। (31 जुलाई 2018)
13. मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना। (2 अक्टूबर 2018)
14. मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना। (2 अक्टूबर 2018)
15. मुख्यमंत्री हाट—बाजार क्लीनिक योजना। (2 अक्टूबर 2018)
16. छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस। (2 अक्टूबर 2018)
17. मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान । (2 अक्टूबर 2018)

**अंजना गुप्ता**
बी.एस.सी. (गणित) II

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति एवं विकास में उनकी भागीदारी

**छ**त्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति अपराध 25 फीसदी रफ्तार से बढ़ रहा है। यौन उत्पीड़न, हत्या, छेड़छाड़, दहेज प्रताड़ना और घरेलु हिंसा के मामलों में साल दर साल दोगुना वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय सांख्यिकी मंत्रालय के 'सोशल प्रोग्रेस इन द कन्ट्री' रिपोर्ट के मुताबिक देश में वर्ष 2013 में जहाँ क्राइम रेट अगेंस्ट वीमेन्स 51.2% था। वर्ष 2014 में यह बढ़कर 75.6% हो गया। यही हाल प्रदेश में भी है। पिछले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ में महिला उत्पीड़न के लगभग 23 हजार केस दर्ज किए गए हैं। छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय से जारी किए गए महिला उत्पीड़न की रिपोर्ट के अनुसार दुर्ग जिले में महिलाएं और युवतियां असुरक्षित हैं। यहाँ महिला उत्पीड़न के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए हैं। विवाहित महिलाएं ढ़ाई गुना ज्यादा प्रताड़ित हो रही हैं, जिसमें दहेज, घरेलु हिंसा और मानसिक, शारीरिक प्रताड़ना केस ज्यादा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश सहित पूरे देश में 2001 मे बलात्कार के 16 हजार 75 मामले थे वर्ष 2014 में यह



बढ़कर 36 हजार 735 पर पहुंच गया है। महिलाओं के प्रति अपराध का बढ़ता ग्राफ शासन और समाज दोनों के लिए चिंता का विषय है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण लैंगिक असमानता है।

**महिलाओं की विकास में भागीदारी** :

स्त्री जननी और मानव जीवन का आधार स्तंभ है। वह घर परिवार और समाज को मजबूती प्रदान करने वाली सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारे छत्तीसगढ़ की महिलाएँ विकास में बराबर की भागीदारी ले रही हैं। 'नशा मुक्ति' के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ की महिलाएँ काफी अच्छा काम कर रही हैं। इस काम के लिए यहां की महिलाएँ भारत माता वाहिनी के रूप में संगठित है। वर्तमान में भारत माता वाहिनी प्रदेश के 17 जिलों के एक हजार 42 ग्राम पंचायतों में सक्रिय हैं। महिलाओं की जागरूकता और सक्रियता से राज्य के अनेक गाँवों में शराब की दुकानें बंद हो चुकी है।

- छत्तीसगढ़ में कुपोषण के स्तर में लगातार कमी आ रही है। इस काम में महिला समूहों और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला स्व सहायता समूहों की प्रभावी ओर साकारात्मक भूमिका है। प्रदेश में 50 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी–टू–ईट बनाने और विवरण तथा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने का सौ प्रतिशत तैयार करने का सौ प्रतिशत कार्य महिला समूहों को दिया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए नाश्ता और गर्म पका भोजन तैयार करने का कार्य भी स्व–सहायता समूह की महिला समूह ही कर रही हैं।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में देखें तो सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवी के रूप में 60 हजार मितानिन निःस्वार्थ भाव से समुदाय के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए काम कर रही हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि बिलासपुर में कई सिटी बसें महिलाएँ चला रही हैं।
- छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत् राशन कार्ड हेतु प्रत्येक परिवार की वरिष्ठ एवं वयस्क महिला को परिवार की मुखिया माना गया है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।
- परिवार में महिलाओं की स्थिति को मजबूती देने के लिए महिलाओ के नाम पर जमीन खरीदी पर रजिस्ट्री शुल्क में एक प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है।
- पंचायतों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए पंचायत राज संस्थाओं में महिला आरक्षण 50 प्रतिशत किया गया। आज पंचायत राज व्यवस्था

के अन्तर्गत प्रदेश के करीब 60 प्रतिशत पंचायतों में महिलाएँ जनता का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

- ➪ छत्तीसगढ़ की अनेक महिलाएँ भारतीय प्रशासनिक सेवा की शीर्ष परीक्षाओं में चयनित होकर विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही हैं।
- ➪ महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं को सलाह, सहायता, मार्गदर्शन और संरक्षण प्रदान किया जाता है।
- ➪ छत्तीसगढ़ में 'टोनही प्रताड़ना निवारण कानून 2005 में और घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून 2005 से लागू किया गया है।
- ➪ महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में मातृ कुटीर, नारी निकेतन, स्वाधार केन्द्र और महिला बसति गृह का संचालन किया जा रहा है।
- ➪ महिला उत्थान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'मिनी माता' सम्मान दिया जाता है। इस सम्मान के अन्तर्गत महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला अथवा स्वैच्छिक संस्था को सम्मान स्वरूप दो लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- ➪ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निःशुल्क सायकल वितरण, खेतों में काम करने वाली महिला श्रमिकों को निःशुल्क बरसाती और निःशुल्क सिलाई मषीन वितरण जैसी अनेक योजनाएं महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों के परिणाम है।



**निशा गुप्ता**

बी.एस.सी. (इंडस्ट्रीयल माईक्रोलॉजी) III

## अब समझ में आया !

04 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी महान हैं।

06 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी सब कुछ जानते हैं।

10 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी बहुत अच्छे हैं, लेकिन गुस्सा बहुत जल्दी होते हैं।

13 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी बहुत अच्छे थे, जब मैं छोटी थी।

14 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी बहुत तुनक मिजाज के होते जा रहे हैं।

16 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी जमाने के साथ नहीं चल पाते, बहुत पुराने ख्यालाती हैं।

18 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी तो लगभग सनकी हो चुके हैं।

20 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी, हे भगवान! अब तो पिताजी को झेलना बहत मुश्किल होता जा रहा है।

25 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी मेरी हर बात का विरोध करते हैं।

30 वर्ष की आयु में – मेरे बच्चे को समझना बहुत मुश्किल होता जा रहा है, जबकि मैं अपने पिताजी से बहुत डरती थी, जब मैं छोटी थी।

40 वर्ष की आयु में – मेरे पिताजी ने मुझे बहुत अनुशासन के साथ पाला। मुझे भी अपने बच्चों के साथ ऐसा ही करना चाहिए।

45 वर्ष की आयु में – मैं आश्चर्य चकित हूँ, कि मेरे पिताजी ने मुझे कैसे बड़ा किया होगा। मेरे पिता ने हमें यहाँ तक पहुँचाने के लिए बहुत कष्ट उठाये, जबकि मैं अपने इकलौती औलाद की देखभाल ही ठीक से नहीं कर पाती।

55 वर्ष की आयु में – वाकई मेरे पिताजी महान थे।

**हेमलता अग्रवाल**

बी.एस.सी. तृतीय वर्ष

# छत्तीसगढ़ में महिला शिक्षा

किसी भी राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। महिला और पुरूष दोनों समान रूप से समाज के दो पहियों की तरह कार्य करते हैं और समाज को प्रगति की ओर ले जाते हैं। भारत में पुरूषों की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर काफी कम है।

प्राचीन काल में वैदिक अवधारणा के स्त्री शक्ति सिद्धांत के अनुसार महिलाओं की देवी के रूप में पूजा हुई उदाहरण स्वरूप शिक्षा की देवी सरस्वती महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक होती है। महिलाएं सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था का आधार हैं, महिलाओं की दुर्दशा में उनकी अशिक्षा ही वजह है।

छत्तीसगढ़ में सशक्त महिलाओं की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में भगवान राम जिस कोख से पैदा हुए वह पूर्व कौशल देश अर्थात वर्तमान छत्तीसगढ़ से है।

भगवान राम को जूठे बेर खिलाने वाली शबरी इसी प्रदेश की है छत्तीसगढ़ में महिलाओं की दशा और दुर्दशा उनके स्वयं के परिवार जन और पुरूष सहयोगी द्वारा की गई उपेक्षा का परिणाम है। समाज में महिलाओं की दुर्दशा उनकी अशिक्षा के कारण है इसके लिए सोच बदलनी होगी। शिक्षा सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यवहारिक होनी चाहिए।

**<u>महिला शिक्षा की आवश्यकता</u> :-**

1. महिलाओं को शिक्षित करता कई सामाजिक बुराईयों जैसे– दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या और कार्य स्थल पर उत्पीड़न आदि को दूर करने की कुंजी साबित हो सकती है।

2. निश्चित तौर पर यह देश के आर्थिक विकास में भी सहायक होगा।

3. हाल ही में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए एक सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि महिलाए जितनी अधिक शिक्षित होती है उनके बच्चों को उतना ही अधिक पोषण आधार मिलता है।

**<u>महिला शिक्षा हेतु सरकार के प्रयास</u>:-**

1. ''बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं'' की शुरूआत वर्ष 2015 में देश भर में घटते बाल लिंग अनुपात के मुद्दे को संबोधित करने हेतु की गई थी।

2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना की शुरूआत वर्ष 2004 में विशेष रूप से कम साक्षरता दर वाले क्षेत्रों में लड़कियों के लिए प्राथमिक स्तर की शिक्षा की व्यवस्था करने हेतु की गई थी।

3. महिला समाख्या कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 1989 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के लक्ष्यों के अनुसार महिलाओं की शिक्षा में सुधार व उन्हें सशक्त करने हेतु की गई थी।

4. यूनिसेफ भी देश में लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु भारत सरकार के साथ काम कर रहा है।

**निशा गुप्ता**
बी.एस.सी. (तृतीय वर्ष)



# छत्तीसगढ़ की शिल्पकला

**मिट्टी शिल्प** :— राज्य में बस्तर का मिट्टी शिल्प अपनी विशेष पहचान रखता है। रायगढ़, सरगुजा, राजनांदगांव आदि का मिट्टी शिल्प अपनी—अपनी निजी विशेषताओं के कारण महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

**केन्द्र** :— नगरनार, नारायणपुर, कुम्हारपुरा (कोडागांव) एडका।

सरगुजा में लखनपुर के पास सोनाबाई ने मिट्टी शिल्प का सुंदर संसार रच रखा है।

**काष्ठ शिल्प** :— बस्तर का काष्ठ विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ के मुड़िया जनजाति का युवागृह घोटुल का श्रृंगार, खम्भे, मूर्तियां, देवी झूले, कलात्मक मुर्ति स्तंभ, तीर—धनुष, कुल्हाड़ी आदि पर सुंदर नेलबूंटों के साथ पशु—पक्षियों की आकृतियां आदि इसके उत्कृष्ठ उदाहरण हैं।

छत्तीसगढ़ में कोरकू जनजाति के मृतक स्तंभ मुरिया जनजाति के युवागृह का श्रृंगार सरगुजा की अनगढ़ मूर्तियां एवं रायगढ़ के शिल्पकारों के कार्य छत्तीसगढ़ में काष्ठ शिल्प के उत्कृष्ठ उदाहरण हैं।

जगदलपुर के मानव संग्रहालय में बस्तर के जनजातियों की काष्ठ कलाकृतियों की बारीकियां आश्चर्य में डालने वाली है। (के.पी. मण्डल बस्तर) काष्ठ कला।

**बाँस शिल्प** :— बस्तर रायगढ़, सरगुजा में बाँस शिल्प के अनेक परम्परागत कलाकार हैं। विशेष रूप से बस्तर जिले की जनजातियो में बाँस की बनी कलात्मक चीजों का स्वयं अपने हाथों से निर्माण करते हैं बाँस कला केन्द्र बस्तर में है।

**पत्ता शिल्प** :— पत्ता शिल्प के कलाकार मूलतः झाड़ू बनाने वाले होते हैं। पत्तों से अनेक कलात्मक और उपयोगी वस्तुएं बनायी जाती है। सरगुजा, रायगढ़, बस्तर, राजनांदगाँव में ये शिल्प देखने को मिलता है। पनारा जाति के लोग छींद के पत्तों का कलात्मक उपयोग करते हैं।

**कंघी कला** :— जनजाति जीवन में कंघिया सौन्दर्य एवं प्रेम का प्रतीक मानी गई है। बस्तर में कंघी प्रेम विशेष उल्लेखनीय है। छत्तीसगढ़ की मुरिया जनजाति कंघियों में छडाइर के सुंदर अलंकरण के साथ ही रत्नों की जड़ाई एवं मीनाकारी करने मे सिद्ध हस्त है। राज्य में कंघी बनाने का श्रेय बंजारा जाति को दिया गया है।



**धातु कला** :— छत्तीसगढ़ में धातुओं को शिल्प कला में परिवर्तित करने का कार्य बस्तर की छडवा जाति, सरगुजा की मलार, कसेर, भरेवा जाति तथा रायगढ़ की झारा जाति करती है। सरगुजा मे तीनों जातियों में मलार जाति के लोग श्रेष्ठ कारीगर माने जाते हैं। मलार जाति का व्यवसायिक देव लोहा झाड है। छत्तीसगढ़ का यह जनजातीय जीवन धातु मूर्ति कला के क्षेत्र में प्रख्यात है।

**घड़वा कला** : धातुओं (पीतल, कांसा) और मोम को ढ़ालकर विभिन्न वस्तुओं आकृतियों को गढ़ने की घड़वाकला छत्तीसगढ़ में पर्याप्त रूप से प्रचलित रही। बस्तर की घड़वा जाति का तो नाम ही इस व्यवसाय के कारण घड़वा है। घड़वा शिल्पकला में प्रसिद्ध है बस्तर के प्रमुख शिल्पकार कसेर जाति के लोग अपनी परम्परागत कलात्मक सौन्दर्य भाव के लिए ख्याति लब्ध है। घड़वा शिल्प के अन्तर्गत देवी व पशु—पक्षी की आकृतियां तथा त्यौहारों में उपयोग आने वाले वाद्य सामग्री तथा अन्य घरेलु उपयोग वस्तुएं आती हैं। बस्तर के मुख्य

घड़वा शिल्पकार श्री पेदुम, सुखचंद, जयदेव, बघेल, मानिक, घड़वा हैं जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है।

**लौह शिल्प** : बस्तर में लौह शिल्प का कार्य लोहार जाति के लोग करते हैं। बस्तर में मुरिया, माड़िया आादिवासियों के विभिन्न अनुष्ठानों में लोहे से बने स्तंभों के साथ देवी–देवता, पशु–पक्षियों व नाग आदि की मुर्तियां प्रदत्त की जाती हैं।

**तीर धनुष कला** : धनुष पर लोहे की किसी गरम सलाख से जलाकर कलात्मक अलंकरण बनाने की परिपाटी बस्तर के मुरिया आदिवासी में देखने को मिलता है।

**प्रस्तर शिल्प** :– बस्तर इस शिल्प के मामले में भी विशेष स्थिति रखता है। यहाँ का चित्रकूट क्षेत्र तो अपने प्रस्तर शिल्प के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

**छत्तीसगढ के प्रमुख शिल्पकार** :–

**गोविन्द राम झारा** :– रायगढ़ जिले के शिल्पग्राम एकताल के निवासी गोविन्दराम झारा जनजाति शिल्प के पर्याय माने जाते हैं। ये देश–विदेश में रायगढ़ के इस एकताल ग्राम के शिल्प का चरम उत्कर्ष पर संस्थापित करने वाले प्रथम पुरोधा थे। पुरखौतिन मुक्तांगन (रायपुर) में इनके शिल्प का संग्रह किया जाएगा।

**रामलाल झारा** :– रायगढ़ के एकताल ग्राम के निवासी बेलमेटल के निपुण कलाकार बेलमेटल से मूर्तियां निर्मित करते हैं।

**जयदेव बघेल** :– बस्तर क्षेत्र के ख्याति लब्ध शिल्पकार इनके शिल्प में जनजाति परम्परा अपने चरम उत्कर्ष को स्पर्श करती है। इनको मास्टर क्राफ्ट्समैन नेशनल अवार्ड मिल चुका है।

**गेदरामसागर** :– जांजगीर–चांपा जिले के शक्ती विकासखण्ड के ग्राम भदरीपाली तेमर निवासी गेंदराम सागर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। प्रस्तर शिल्प, चित्रकारिता, और साहित्य मर्मत्त में निपुण। गेंदराम सागर ने गद्य–पद्य में अनेक रचनाएं हैं–

**श्रीमती सोनाबाई** :– राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सोनाबाई मिट्टी शिल्प की निपुण कलाकार हैं। सरगुजा के लखनपुर के पास अपने गाँव में सोनाबाई ने मिट्टी शिल्प की निराली दुनियां बसायी है।

**वृंदावन** :– **जन्म** – बस्तर संभाग के नगरनाट में प्रमुख मिट्टी शिल्पकार।

**छितरूराम** :– बस्तर संभाग निवासी भृतिका शिल्पकार भृतिका शिल्पों में कालजयी भावनाओं का प्रस्फुटन हुआ है।

**मानिक घड़वा** : घड़वा शिल्प बस्तर के आदिम भावनाओं का कलात्मक बिम्ब है जिसे मानिक घड़वा ने अपनी प्रतिभा से आसीम आयाम दिया।

**अजय मंडावी** : ये कांकेर निवासी लोकप्रिय शिल्पकार हैं। इनका कला सैंदर्य नवीन आयोमों को स्पर्श करता है।

**पूजा तिवारी**
एम.ए. हिन्दी (चतुर्थ सेमेस्टर)





# छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य

**करमा नृत्य :-** यह विजयदशमी से लेकर अगले वर्ष की वर्षा ऋतु तक होता है।

**शैला नृत्य :-** यह नृत्य सरगुजा क्षेत्र में प्रचलित है। पहाड़ी जनजाति के लोग ये नृत्य करते हैं।

**पंथी नृत्य :-** यह नृत्य छत्तीसगढ़ अंचल में सतनाम पंथ के द्वारा किया जाता है। स्व. देवदास बंजारे पंथी नृत्य का जन्मदाता कहलाते हैं।

**सुआ नृत्यः-** महिलाओं द्वारा यह नृत्य किया जाता है। महिलाएं इस नृत्य में मिट्टी के तोते बनाकर चारों ओर थापड़ी बजाकर नृत्य करती है। दोनों तोता शिव–पार्वती का रूप माने जाते हैं। इसे दीपावली के अवसर पर किया जाता है।

**राउत नृत्य :-** इसे गहिरा नाच भी कहते हैं। यह दीपावली के उत्सव के दौरान मनाया जाता है। यह नृत्य कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी से प्रारंभ होकर पखवाड़े तक चलता है। इसे भगवान कृष्ण को पूजा के प्रतीक के रूप में किया जाता है। इसे सिर्फ पुरूषों के द्वारा किया जाता है।

**छत्तीसगढ़ के लोक गीत**

**ददरिया गीत :-** इसे छत्तीसगढ़ के लोकगीतों का राजा कहते हैं। इसकी शैली सवाल जवाब पर आधारित होती है। इसमें फसल बोते समय युवक–युवती अपने मन की बात को पहुंचाते हैं। इसे प्रेमगीत के रूप में माना जाता है।

**चंदैनी गायन :-** यह लोरिक और चंदा के प्रेम प्रसंग पर आधारित है।



**भरथरी गीत** : इसमें राजा भरथरी और रानी पिंगला के वैराग्य जीवन के वर्णन पर आधारित है। भरथरी के लोकगीत को विधा के रूप में माना जाता है। एकतारा, सारंगी इसके वाद्ययंत्र हैं।

**बाँस गीत :-** बाँस गीत में महाभारत के पात्र कर्ण और मोरध्वज व शीत बंसत का वर्णन होता है। यह दुःख या करूणा का गीत है। जो शोक रस पर आधारित है। इसे छत्तीसगढ़ में राउत जाति द्वारा गाया जाता है।

**भोजली गीत** : यह रक्षाबंधन के दूसरे दिन गाया जाता है।

**विवाह गीत**

**चुलमाटी गीत :-** यह गीत विवाह के समय और माटी खुदाई के समय गाया जाता है।

**तेलचढ़ी गीत :-** तेल चढ़ाते समय विवाह में गाया जाता है।

**बारात गीत :-** बारात के समय गाया जाता है।

**परघौनी गीत :-** बारात के स्वागत के समय गाया जाता है।

**भांवर गीत :-** दुल्हा–दुल्हन के फेरे लेते समय गाया जाता है।

**टिकावन गीत :-** वर–वधु को उपहार देते समय गाया जाता है।

**विदाई या पठौनी गीत :-** पठौनी गीत विदाई के समय गाया जाती है।

**उत्तरा श्रीवास्तव**
बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस) II

# छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

हमारा छत्तीसगढ़ पर्यटन स्थल की दृष्टि से अपना प्रमुख स्थान रखता है। छत्तीसगढ़ में भी प्रमुख पयर्टन स्थल है।

**तातापानी** : तातापानी नाम से ही अर्थ समझ में आ रहा है ताता का अर्थ है गर्म। तातापानी हमारे छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर–रामानुजगंज मार्ग पर गर्म जल स्त्रोत है। इस स्थान पर आठ से दस जल के कुण्ड है। पानी की प्रमुख खासियत यह है कि इससे चर्म–रोग से छुटकारा पाया जा सकता है तथा पानी गर्म की वजह से यहाँ के स्थानीय लोग अपने घरेलु कार्य जैसे– चावल से लेकर आलू उबालने व अन्य कार्य बहुत आसानी से कर लेते हैं।

**कुनकुरी** : कुनकरी जशपुर जिले में स्थित है तथा यह एक विशाल गिरजाघर के लिए प्रसिद्ध है तथा इसकी चर्चा देश–विदेश में भी है और यह कैथोलिक ईसाईयों का पवित्र स्थान है।

**खरोद** : खरोद को छत्तीसगढ़ का काशी भी कहा जाता है। यह अपनी पौराणिक व ऐतिहासिक विशेषता लिए हुए महानदी के तट पर बसा हुआ है। यहाँ पर अनेक तालाब व मंदिर हैं और सबसे प्रसिद्ध मंदिर लक्ष्मणेश्वर मंदिर हैं।

**अबूझमाड़** : अबूझमाड़ छत्तीसगढ़ के बस्तर के नारायणपुर जिले में स्थित है। यह भारत में विलुप्त हो रहे बाघों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अबूझमाड़ नाम का अर्थ है जिसको बूझना संभव नहीं है। यह गोंडो की उपजाति अबूझमाड़ियों का निवास स्थान हैं तथा यह छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र माना जाता है।

**मैनपाट** : मैनपाट हमारे छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर शहर में स्थित है। **छत्तीसगढ़ का शिमला** के नाम से प्रसिद्ध मैनपाट अपनी प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर है। मैनपाट में अनेक दर्शनीय स्थल हैं जैसे– सरभंजा जल प्रपात, टाईगर प्वांइट, मछली प्वांइट प्रमुख हैं। मैनपाट विन्ध्य पर्वत माला पर स्थित है।

**भोरमदेव** : छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थित यह भोरमदेव **छत्तीसगढ़ के खजुराहो** के नाम से प्रसिद्ध है। क्योंकि इस मंदिर की बनावट खजुराहो तथा कोणार्क के मंदिर के समान है। गोड़ राजाओं के देवता भोरमदेव थे जो शिवजी का ही एक नाम है। जिसके कारण इस मंदिर का नाम भोरमदेव पड़ा। यह मंदिर एक हजार वर्ष पुराना है तथा यह मैकल पर्वतसमूह के मध्य मे हरी–भरी घाटी में अपनी शोभा प्रदर्शित करता है।

**कु. अंजली कच्छप**
एम. ए. हिन्दी (चतुर्थ सेमेस्टर)

# छत्तीसगढ़ की अपनी पहचान

अपनी पहचान को ढूंढ़ती
मेरी माटी, मेरा रंग,
मेरी पहचान मेरी चाहत
कोई दूजा इसे कैसे पहचाने।

जीवन का अन्त नहीं,
अगर आये मोड़ अनेक,
नयी दिशा है नया अहम है
रूके न तेरे कदम।।

खोजो, ढूंढो, पाओ, उसे हर दिशा में,
जीवन अन्त है निश्चित लेकिन
पहचान तेरी है अनन्त
खो जाये ख्वाहिश अगर
समझो तेरी धरती गई है खिसक।।

हो तुम आखिर कौन?
कहाँ से आये हो तुम
कहाँ है तेरी भावी डगर?

हे मानव! जाग जाओ, जान जाओ या
जान गंवाओ, फिर भी वो तुम्हारी है–अपनी पहचान।

**सेविका किडो, रेशमा भगत**
बी.एस.सी. (द्वितीय वर्ष )

# छत्तीसगढ़ में शिक्षा की स्थिति

**शिक्षा :-** शिक्षा समाज का महत्वपूर्ण अंग है। इसके बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसी भी देश अथवा राष्ट्र के उत्थान में वहाँ की शिक्षा पद्धति का प्रमुख योगदान होता है। शिक्षा प्रत्येक मनुष्य का प्रथम और आवश्यक अधिकार है इसलिए इसे मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा गया है।

**वर्तमान की शिक्षा पद्धति :-** आजादी के कई वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी सरकारी स्कूलों में न तो शिक्षा का स्तर सुधर पा रहा है और न ही इनमें विद्यार्थियों को उचित बुनियादी सुविधाएं मिल पा रही हैं। वर्तमान की शिक्षा पद्धति को छत्तीसगढ़ सामान्य जन–जीवन की दृष्टि से देखा जाए तो हम पाते हैं कि यहाँ की आधे से अधिक आबादी जो गाँवों में निवास करती है, मध्यमवर्गीय जीवन या उससे भी निम्नतम जीवन यापन करती है। इसलिए इनकी जो आबादी है वह सरकारी स्कूलों पर निर्भर है जो वर्ग आर्थिक रूप से सक्षम है वे गैर सरकारी स्कूलों का रूख अपनाते हैं। इसका कारण यह है कि गैर सरकारी संस्थाओं की तुलना में सरकारी संस्थानों की गुणवत्ता में कमी पाई गई है। जो जन साधारण की मानसिकता से भी परिलक्षित होती है हम ऐसा इसलिए कह सकते हैं कि जो आज के शिक्षक हैं अथवा किसी भी अच्छे पदों पर नियुक्त हैं, उनमे से अधिकतर लोग अपनी शिक्षा सरकारी स्कूलों से प्राप्त किये हुए रहते हैं, परन्तु अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में न पढ़ाकर गैर सरकारी संस्था में पढ़ाना ज्यादा पसंद करते हैं। इस तरह सरकारी स्कूल उन लोगों का ठिकाना बन जाते हैं जो किसी कारणवश गैर सरकारी संस्थाओं में प्रवेश नहीं ले सकते हैं चाहे वह आर्थिक कारण हो या शिक्षा की गुणवत्ता में कमी के कारण । एक बात यह भी देखी गई है कि जहाँ एक शिक्षक अपने बच्चों को अच्छी व उच्च शिक्षा दिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वह स्वयं शिक्षा देने में कतराता है जिसके लिए उसे भुगतान किया जाता है। ऐसा हम इसलिए कह सकते हैं कि आए दिन खबरों मे पाते हैं कि विद्यालय में शिक्षक अकारण अनुपस्थित पाए गए।

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे है जो शहरों से दूर स्थित हैं। वहाँ स्कूल तो हैं लेकिन शिक्षकों की काफी किल्लत देखी गई है जबकि शहरों के समीप स्थित स्कूलों में शिक्षक अधिकता में भी पाये जाते हैं। इस कारण शहरी इलाकों के सरकारी स्कूलों की तुलना में ग्रामीण स्कूलों की स्थिति काफी खराब हो गई है, यह कहें तो वहाँ की शिक्षा व्यवस्था ही नष्ट होती जा रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की प्रतिबद्धता, पाठ्यपुस्तकों की कमी और भी अन्य पाठ्य सामग्री की कमी है। सरकारी और निजी स्कूलों की तुलना में गुणवत्ता एक प्रमुख मुद्दा है। गाँवों में रहने वाले ज्यादातर लोग शिक्षा के महत्व को समझ चुके हैं लेकिन पैसों की कमी के कारण वे लोग अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं और शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों पर निर्भर रहना पड़ता है। इन सबके अलावा कुछ स्कूल ऐसे हैं जहाँ पूरे स्कूल में एक ही शिक्षक होता है, यदि वह भी स्कूल न आए तो स्कूल की छुट्टी रहती है। सरकारी स्कूलों की हालत अच्छी नहीं है और गैर सरकारी स्कूल महंगे होते हैं। इसका परिणाम यह रहता है कि माध्यमिक शिक्षा मे सफल रहकर भी आगे पढ़ने के लिए कॉलेज जाने वाले छात्रों की संख्या कम हो जाती है। इसलिए गाँवों में माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर बहुत ज्यादा है। इस लिए सिर्फ वही माता–पिता अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कॉलेजों में भेज पाते हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं। यदि उच्च शिक्षा न ली जाये तो पिछले सारे प्रयास विफल हो जाते हैं।

**शिक्षा पद्धति का मापदण्ड :**

हमारे देश में शिक्षा पद्धति को नापने के लिए दो संस्थाए काम करती हैं–

(1) **ASER:** यह बुनियादी अवधारणा का मूल्यांकन जैसे जोड़ घटाव करने जैसी क्षमता का मूल्यांकन करती है।

(2) **NAS :** इसमें बच्चों के वर्ग एवं विषयवार परिणामों को देखा जाता है।

(3) **PISA:** यह बच्चों के गणित और विज्ञान पढ़ने मे मूल्यांकन किया जाता है।

**मापदण्डों के आधार पर छत्तीसगढ़ में शिक्षा की स्थिति :-**

2019 में **ASER** के रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के सिर्फ **51.67%** बच्चों में भाषा, गणित और पर्यावरण को जानने–समझने की क्षमता है। वहीं अपर प्राइमरी स्कूल स्तर पर स्थिति और खराब है। यहाँ सिर्फ

45% बच्चे ही हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में बेहतर कर पाते हैं। नीति आयोग की ओर से सतत विकास लक्षय **(SDG)** सूचकांक में रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ तमाम नये राज्यों मे पिछड़ते हुए 19 वें स्थान पर है।

साल 2015 में छत्तीसगढ़ की शिक्षा दशा को लेकर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार दोनों ने ही सर्वे कराया जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 16000 विद्यालयों को **'C'** व **'D'** श्रेणी में रखा गया था। इसी रिपोर्ट के मुताबिक 8 वीं के **73.5%** छात्र उनसे छोटी कक्षाओं की किताब नहीं पढ़ सकते हैं। 5 वीं के लिए यह आंकड़ा **57%** है। 31 मार्च 2017 को जारी हुई **CAG** रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया है कि केवल **25%** स्कूलों को ही **A'** ग्रेड के दायरे में रखा गया है। इस रिपोर्ट से एक बात और सामने आती है कि शिक्षा पर प्रतिवर्ष लगभग 5000 करोड़ खर्च किये जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के 879 गाँवों में प्राथमिक स्कूल आज तक नहीं है। और जहाँ स्कूल हैं उनकी हालत भी काफी खराब है। इसके बाद भी जो बच्चे स्कूल आते हैं उन्हें भी अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा मिल नहीं पाती है। छात्रों को समझाने की नही बल्कि पूर्व निर्धारित प्रश्नों को रटने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसलिए सत्र खत्म होने पर छात्रों के लिए ज्ञान पाने से ज्यादा जरूरी परीक्षा पास करना हो जाता है। **CBSE** के नये नियम के अनुसार चाहे छात्र का प्राप्तांक कितना भी हो उसे ( 8वीं तक) उसे अगली कक्षा में अग्रेषित करना अनिवार्य है। इसलिए ज्यादातर छात्र पढ़ाई नहीं करते और न ही शिक्षक उनमें कोई रूचि लेते हैं, इसका परिणाम यह निकलता है कि छात्र को बिना पढ़े अग्रेषित तो कर दिये जाते हैं किन्तु जब बात गुणवत्ता युक्त शिक्षा की आती है तब ऐसे छात्र पीछे छूट जाते हैं, चूँकि अधिकतर स्कूलों का यही हाल है इसलिए यह आंकड़ा भी काफी बड़ा होता है, जो शिक्षा के स्तर मे गिरावट का सूचक है।

इस पद्धति से पढ़कर बच्चे यदि आगे निकल भी जाते हैं तो उनमें प्रयोजन मूलक शिक्षा अर्थात् व्यावहारिक कुशलता, सामाजिक चेतना की कमी स्पष्ट परिलक्षित होती है। क्योंकि जो शिक्षा किताबी ज्ञान के साथ उन्हें मिलनी चाहिए थी वह मिल नहीं पाती है। ऐसा लगता है जैसे मशीनों का निर्माण किया जा रहा है। बच्चे अपना अधिकतर समय स्कूलों मे ही बिताते हैं लेकिन जिस प्रयोजन के लिए स्कूल जाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है वह पूरी नही हो पाती है या कहें तो प्रयोजनमूलक शिक्षा नीति अधूरी रह जाती है।

**बालिका शिक्षा :-** 13 वीं **ASER** 2018 के अनुसार छत्तीसगढ़ में **77%** लड़कों के मुकाबले **83%** लड़कियां पढ़ने मे आगे हैं। लेकिन गणित हल करने और सवालों के जवाब देने में लड़कियां लड़कों से मात्र **½%** पीछे हैं। एक सर्वे के अनुसार बियॉन्ड बेसिक्स (अधिगम स्तर) अर्थात् दैनिक जीवन के हिसाब–किताब, ऐकिक विधि का उपयोग करने दो अलग–अलग मूल्यों के आधार पर गणना करने जैसे सवालों को हल करने मे लड़कों के मुकाबले लड़कियां आगे हैं।

**ASER** के सर्वेक्षण में यह भी पाया गया है कि छत्तीसगढ़ की स्थिति बालिका शिक्षा के मामले में उतनी अच्छी नहीं हैं, जितनी होनी चाहिए। 15 से 16 वर्ष के आयु वर्ग यानि मिडिल स्कूल पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ने वाली लड़कियों का प्रतिशत **21.2%** रहा है। वैसे देश भर में इस उम्र में सबसे ज्यादा पढ़ाई मध्यप्रदेश में छोड़ रही हैं। मध्यप्रदेश के लिए यह आंकड़ा **26.8%** है। छत्तीसगढ़ के हाईस्कूल की लड़कियों के 'सरस्वती साइकिल योजना' होने के बावजूद भी पिछले 8 सालों में स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या में **10%** की वृद्धि होना काफी बड़ी बात है।

बालिका शिक्षा के आंकड़ों के अनुसार हमने पाया कि पढ़ने में बालिकाओं की स्थिति लड़कों की तुलना में अच्छी तो है, परंतु उनके स्कूल छोड़ने की दर भी लड़कों से अधिक है, यदि इसके कारणों पर ध्यान दें तो यह देखने को मिलता है कि हमारा समाज अब भी पितृसत्तात्मक रूप से ही संचालित होता है। यदि हम यह मान भी लें कि लड़के व लड़कियों मे भेदभाव खत्म हो गया है, परन्तु यह पूर्णतः सत्य नहीं है। लोगों के मन यह अप्रत्यक्ष रूप से अब भी विद्यमान है, जिसके परिणाम स्वरूप उनके मन मे यह धारणा बनी हुई है, कि लड़की कितनी भी पढ़ाई लिखाई करले तो भी वह पराया धन ही होती है। इसलिए उसे घर के कामों में निपुण बनाने का अथक प्रयास हमेशा जारी रहता है। यदि वह माध्यमिक या उससे आगे की पढ़ाई कर भी ले तो उसकी उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जब लड़कियाँ भी अपने आस–पास के वातावरण में इस तरह के विचारों को पनपते हुए देखती हैं, तो उनका भी मनोबल कम हो जाता है। कुछ समय पढ़ने के बाद

उनकी रूचि पढ़ाई मे कम होने लगती है और वे स्कूल जाना बंद कर देती है, जिससे उनकी आगे की शिक्षा का मार्ग अवरूद्ध हो जाता है।

शिक्षा में अवरोध का एक और कारण यह भी है, कि स्कूली शिक्षा प्राप्त कर लेने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आस–पास में उच्च शिक्षा संस्थान उपलब्ध नहीं रहते हैं, इसलिए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए घर से दूर जाना पड़ता है। इसके लिए माता–पिता सक्षम नहीं होते या फिर उन्हे पढ़ने के लिए घर से दूर भेजना नहीं चाहते हैं।

**निष्कर्ष** :- हमने छत्तीसगढ़ की शिक्षा स्थिति के बारे में जाना आंकड़ों के आधार पर यह पिछड़ा हुआ है, परन्तु निरंतर प्रयास के सुधार किये जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में हमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिल सकता है। परन्तु इसके लिए आवश्यक है, कि केवल प्रशासन ही नहीं अपितु शिक्षक, छात्र व अभिभावकों को भी अपना पूर्ण योगदान देना होगा तब यह सफल हो पाएगा, क्योंकि शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में जितना योगदान प्रशासन का होता है, उतना ही योगदान शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों का भी होता है। प्रशासन सुविधाएं तो उपलब्ध करा सकती है, किन्तु पढ़ाने का काम शिक्षक ही कर सकता है और पढ़ने का काम छात्रों को करना होता है। छात्रों को छात्र बनाकर स्कूल तक ले जाने की जिम्मेदारी अभिभावकों की होती है। इसलिए समुचित विकास के लिए इन सभी का योगदान आवश्यक है।

**मंजुल किरण यादव**
बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस) II

# छत्तीसगढ़ के लोक गीत (सुआ गीत)



छत्तीसगढ़ में सुआ गीत प्रमुख लोकप्रिय गीतों मे से है। सुआ गीत का अर्थ है सुआ याने मिट्ठु (तोता) के माध्यम से स्त्रियाँ संदेश भेज रही हैं। सुआ एक पक्षी है जो रटे हुए शब्द बोलता रहता है, इसलिए सुआ को स्त्रियाँ अपने मन की बात बताती है। इस विश्वास के साथ कि वह उनकी व्यथा को उनके प्रिय तक जरूर पहुंचायेगा। सुआ गीत इसलिए 'वियोग गीत' है । प्रेमिका बड़े सहज रूप से अपनी व्यथा को व्यक्त करती है, इसलिए ये गीत मार्मिक होते हैं।

सुआ गीत हमेशा एक ही बोल से शुरू होता है और वह बोल हैं–

**'तारी नरी नहा नरी नहा नरी ना ना रे सुअना'**

और गीत के बीच–बीच मे ये दुहराई जाती है। गीत की गति तालियों के साथ आगे बढ़ती हैं।

**सुआ गीत**

तरी नरी नहा नरी नहा नरी ना ना रे सुअना
**'कइसे के बन गे वो ह निरगोही**
रे सुअना
कौन बैरी राखे बिलमाय
चोंगी अस झोइला म जर–झर गेंव
रे सुअना
मन के लहर लहराय
देवारी के दिया म बरि–बरि जाहंव रे सुअना
बाती संग जाहंव लपटाय'
गी

**खुशबु कुशवाहा**
बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस) II

# करमा नृत्य

छत्तीसगढ़ में भारत की सबसे पुरानी जनजातियां निवास करती हैं। विभिन्न जनजातियों के संगम के कारण यहाँ की संस्कृति बेहद समृद्ध हैं। यहाँ के लोक नृत्यों में करमा एक प्रचलित लोक नृत्य हैं।

करमा नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का पर्याय है। मांगलिक अवसरों पर गोंड़ जनजाति यह नृत्य करती हैं। इस नृत्य को गैर–आदिवासी समुदायों द्वारा भी किया जाता है।

इस नृत्य में स्त्री–पुरूष दोनों भाग लेते हैं। अलग–अलग उपलक्ष्य में इस नृत्य का महत्व अलग–अलग होता है। इसमें आदिवासी खुद ही गाते हैं और नृत्य करते हैं। इस नृत्य के लिए नर्तक पीठ में मयूर पंख पहनते हैं, और सिर पर कलगी बांधते हैं। हाथ, कमर, गर्दन और पैरों मे विभिन्न प्रकार के गहने पहनते हैं। करमा में ज्यादातर भक्ति और श्रृंगार के गीत गाए जाते हैं लय और ताल के हिसाब से नर्तक अलग–अलग स्थिति में नृत्य करते हैं।

छत्तीसगढ़ में करमा नृत्य की पाँच शैलियां प्रचलित हैं, जो इस प्रकार हैं–

(1) झूमर– इसमें नर्तक झूम–झूम कर नृत्य करते हैं।
(2) लहकी– इसमें नर्तक लहराते हुए अलग–अलग नृत्य स्थितियाँ बनाते हैं।
(3) ठाढ़ा–इस शैली में नर्तक खड़े होकर नृत्य करते हैं।
(4) लंगड़ा– इसमें एक पैर झुकाकर, एक पैर से नृत्य करते हैं।
(5) खेमटा– इसमें पैर आगे–पीछे रखकर, कमर लचकाकर नृत्य करते हैं।

**मनीषा मण्डल**
बी.एस.सी. (बायो) III

# छत्तीसगढ़ के तीज -त्यौहार एवं लोकगीत

**भोजली त्यौहार :-**

भोजली का त्यौहार सावन पूर्णिमा के बाद भाद्र पद प्रतिपदा को पूरे छत्तीसगढ़ में बड़ी धूम–धाम से मनाया जाता है। इस दिन गाँव के सभी लोग बड़े से छोटे तक सभी कोई भोजली मैया की पूजा करते हैं। घर में भोजली मैया की पूजा करने के तत्पश्चात् इसे ठण्डा करने के लिए अपने सिर पर भोजली माता को रखकर बड़े उल्लास के साथ गीत गाते हुए तालाब एवं नदियों में विसर्जन करते हैं। और वापस आते हुए अपने से बड़ों व छोटों को भोजली (ज्वारा) देते हैं और बड़ों से आशीर्वाद लेते हैं। इस त्यौहार को मनाने में आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में भोजली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भोजली गीत इस प्रकार से गाया जाता है–

देवी गंगा देवी गंगा, लहरा तू रंगा रे!
लहरा तू रंगा रे!!
हमसे देवी दाई के भीगे आठों अंगा रे
हवो देवी गंगा, हवो देवी गंगा।।
आई गइसे बाढ़े, झेलाइगीस हे कचरा 2
हमरो भोजली दाई के सुंदर–सुंदर अंचरा।।
हवो देवी गंगा, हवो देवी गंगा।
लइका मन खेलत हाबै, गिल्ली अउ डंडा।।
हमरो भोजली दाई ल करबो जी ठण्डा।
हमरो देवी गंगा, हवो देवी गंगा।।

**आकांक्षा राठौर**
बी.एस.सी. (बायो) III

# छत्तीसगढ़ का ''जितिया'' पर्व

जितिया व्रत हर साल आश्विन महीनें के कृष्ण पक्ष में अष्टमी को मनाया जाता है, इसे पुत्र की लम्बी आयु के लिए किया जाता है। कई विवाहित महिलाएं इसे पुत्र प्राप्ति के लिए भी करती हैं।

जितिया व्रत के बारे में आस्था है कि इसे करने से भगवान जीऊतवाहन, पुत्र पर आने वाली सभी समस्याओं से उसकी रक्षा करते हैं। इस व्रत को विवाहित महिलाएं करती हैं। मान्यता है कि इसे करने से पुत्र प्राप्ति भी होती है।

**अंजना गुप्ता**
बी.एस.सी. (गणित) III

# छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थल

छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम दक्षिण कौशल था। महर्षि वाल्मिकीकृत रामायण में उत्तर कौशल व दक्षिण कौशल का उल्लेख किया गया है। राजा दशरथ की भार्या कौशल्या इसी दक्षिण कौशल की राजकुमारी थी।

रायपुर छत्तीसगढ़ की नव गठित राजधानी है। रायपुर ऐतिहासिक महत्व का स्थान है यहाँ पर पाँचवी सदी में पाण्डुवंश ने अपना प्रभुत्व स्थापित किया था यहाँ पर अनेक धार्मिक एवं पौराणिक स्थल जिसमें महत्वपूर्ण दुधाधारी मठ, शीतला माता मंदिर, महामाया मंदिर, बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर, तालाब किनारे भगवान राम का प्राचीन राममंदिर है साथ ही बंजारी धाम, महादेव घाट आदि प्रमुख हैं।

**सिरपुर- लक्ष्मण मंदिर** : -

पुरातात्विक धार्मिक ऐतिहासिक स्थल है। सिरपुर के पाण्डुवर्ष की राजधानी थी प्राचीन नाम चित्रांगदपुर महानदी के तट पर स्थित यह छत्तीसगढ़ की प्राचीनतम नगरी व राजधानी थी। लक्ष्मण मंदिर का निर्माण महाशिवगुप्त बालार्जुन के काल में उनकी माता वासटा देवी द्वारा 7 वीं सदी में लाल ईंटों द्वारा प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर का निर्माण करवाया और यह मंदिर नागर शैली में बना हुआ है।

**आनंद प्रभु कुटीर बिहार** :-

650 ईसवी महाशिवगुप्त बालार्जुन के काल में बौद्ध भिक्षु आनंद प्रभु द्वारा निर्मित है।

**राजीव लोचन मंदिर** :-

इसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है। राजिम नगरी महानदी, पैरी, सोढूर नदी के संगम पर स्थित है। राजिम को प्राचीन काल में कमल क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। यहाँ पर कलेश्वर महादेव मंदिर, राजेश्वर मंदिर, दानदानेश्वर मंदिर, श्री राजीव लोचन मंदिर, प्राचीन जगन्नाथ मंदिर, तेलिन माता मंदिर, नदी के संगम पर मामा—भांजा मंदिर, तथा लोमश ऋषि का आश्रम देखने लायक है। यहाँ सबसे प्राचीन मंदिर राजीव लोचन है। इस मंदिर का निर्माण 5 वीं सदी में हुआ था।

**मंदिरों की नगरी आरंग** :-

आरंग एक अति प्राचीन नगरी है। आरंग महाभारत कालीन राजा मोरध्वज की नगरी था। यहां पर अनेक प्राचीन मंदिर विद्यमान हैं।

**शिवरीनाराण मंदिर** : —

यह एक धार्मिक एवं पौराणिक महत्व का स्थान है। यहाँ पर भगवान श्री राम ने वनवास के समय शबरी के जुठे बेर प्रेम सहित ग्रहण किये थे।

**रामगढ़ की गुफाएँ** : -

यह मनोरम स्थान अम्बिकापुर के पास सुंदर सुरम्य वन में स्थित है। चारों तरफ पहाड़ों में घिरा हुआ है। रामगढ़ की गुफाएं एवं भित्ती चित्र ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक की दृष्टि से बड़े महत्वपूर्ण है।

**पुजारी पाली** :-

सरिया के निकट पुजारी पाली ग्राम स्थित है।

**कबरा पहाड़ रायगढ़** :-

कबरा में स्थित पहाड़ पर शैलाश्रय विद्यमान है। यह स्थल रायगढ़ नगर से 8 किमी. की दूरी पर स्थित है।

**भोरमदेव मंदिर** :-

यह वर्तमान में कवर्धा जिले के जिला मुख्यालय से 20 किमी. उत्तर—पश्चिम में स्थित है।

**नगपुरा - प्रसिद्ध जैन मंदिर** :-

यह स्थान जैन समुदाय के प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहाँ पर 24 तीर्थकर की मंदिर बनी हुई है। मंदिर काफी भव्य है।

**लाफागढ़** :-

लाफागढ़ एक प्राचीन ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है। इस स्थल की पहाड़ी पर चतुरगढ़ का किला है।

**दंतेवाड़ा** :

बस्तर में लम्बे समय तक नागवंश का शासन रहा है। दंतेवाड़ा में नागवंशी शासको ने अपनी इष्ट देवी मणि केशरी देवी का मंदिर है। यह मंदिर आज भी स्थित है। यह

छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल माना जाता है। दंतेश्वरी मंदिर, भुदेश्वरी मंदिर, चित्रकुट, जलप्रपात, तीरथ गढ़ जलप्रपात, अबुझमाड़ क्षेत्र आस–पास के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं।

**जतमई घटारानी :-**

यह एक प्राचीन स्थल है। यहाँ पर 11 वीं 12 वीं शताब्दी के देवकली मंदिर, चन्द्रादित्य मंदिर, मामा–भांजा मंदिर, बत्तीस खम्भों से टिका बत्तीसा मंदिर, मंदिर प्रांगण में दो जुड़वा विशाल गणेश प्रतिमा विराजमान हैं। यहाँ की मंदिर की स्थापत्य कला काफी प्रसिद्ध है।



**प्रीति गुप्ता**
एम.ए. (हिन्दी) चतुर्थ सेमेटर

# छत्तीसगढ़ी कहानी - बोकरी अउ भेड़िया

एक गाँव में एक डोकरी रहय ओ ह एक ठन बोकरी पाले रहय। डोकरी ह बोकरी ल रोज चारा चरे बर ढील दे। बोकरी रोज दूसर के बारी–कोला म जा के उजार करे लगिस। सब डोकरी ल बछी दे लगिन। डोकरी ह रोज रोज के बछी ल सुन–सुन के तंग आगे। डोकरी ह बोकरी ल जंगल म छोड़ के आगे।

बोकरी जंगल म एक माड़ा म रहे लगिस। थोर दिन बाद ओ ह तीन ठन पिलवा ल जनम दिस बोकरी रोज चारा चरे बर दुरिहा जाय। पिलवा ला मन भीतर ले दरवाजा ल बन्द कर ले। जब बोकरी चारा ले के आवय अउ दरवाजा म आ के कहय बोकरी माई मै आए हौं हरियर चारा मै लाए हौं त एतका बात ल सुन के पिलवा मन दरवाजा ल खोल दें। बोकरी के लाए चारा ल खा लेवय । एक दिन भेड़िया घूमत–घूमत जात रहय भेड़िया ह बोकरी ल देखिस त रूक गै अउ बोकरी के मांद के तिर म लुकाके ओखर बात ल सुन लगिस। बोकरी चारा ले के आइस अउ दुवारी मेर आके कहे लगिस – बोकरी माई मै आए हौं हरियर चारा लाए हौं। बोकरी के पिलवा मन कपाट ल खोल दीन अउ बोकरी के लाय चारा ल खा लिन। ये सब ल देख के भेड़िया बोकरी क पिलवा मन ल खाए बर सोचे लगिस। बोकरी के माग के दुवारी मेर आके कहिथे– बोकरी माई मैं आए हौं हरियर चारा लाए हौं। पिलवा मन ल भेड़िया के आवाज ह अलग लगिस त मन ल शक होगे। पिलवा मन कहिथे अपन हाथ ल कपाट के छेद मेर ले देखा तभे कपाट ल खोलबो। भेड़िया कपाट के छेद मेर ले हाथ ल दिखाईस त ओखर करिया रंग ल देख के पिलवा मन कपाट ल नइ खोलिन। भेड़िया अब का कराय कुछ सोचिस अउ तिर म लगे गांव म जा के पिसान ल हाथ म लगा लिस। ओखर हाथ सादा दिखे लगिस अब फेर माड़ा मेर आके कहिथे बोकरी माई मैं आए हौं, हरियर चारा मैं लाए हौं। पिलवा मन कहिथे आपन हाथ ल देखा तभे कपाट ल खोलबो भेड़िया ह पिसान लगे हाथ ल देखा दिस पिलवा मन जखे दरवाजा ल खोलिन भेड़िया ह पिलवा मन ल खालिस आउ दुरिहा जंगल म जा के सो गे। बोकरी जब चारा ले के आइस त कोंनो पिलवा ल नई पाइस बहुत खोजिस एक पिलवा जेन ह ओधा म सो गए रहय तेन ह बच गे रहय ओ ह अपन दाई ल सब बात ल बताईस।

**प्रीति गुप्ता**
एम.ए. (हिन्दी) चतुर्थ सेमेटर

# छत्तीसगढ़ की अस्मिता

मानवीय संस्कृति हमारी अस्मिता की धरोहर है। छत्तीसगढ़ की अस्मिता भी उस निराकार पत्थर की तरह है जिसे रूपाकृति देने के लिए हमें अपने अंदर के शिल्पकार को जागृत करने की आवश्यकता होती है। हमारी भाषा, जाति, संस्कृति या किसी विशेष व्यक्ति की विशेषता को निखारती है, इसके साथ उसकी शैक्षणिक योग्यता भी उसकी खासियत को ही उजागर करती है। अगर हर व्यक्ति छत्तीसगढ की संस्कृति को अपना समझ कर उसे प्यार करे तो हमारी एकता को कोई हिला नहीं सकता। बस जरूरत है उपनी छत्तीसगढ की संस्कृति को समझना, उन्हें अपनो की, संजोये दखने की और प्यार करने की। ऐसा हो सकने पर ही हमारी छत्तीसगढ़ की अस्मिता बचेगी। अस्मिता बचेगी तो आदिवासियत बचेगी तथा छत्तीसगढ़ बचेगा तब ही हम बचेंगे।

**सेविका किंडो, रेशमा भगत**
बी.एस.सी. II

# आसमान के तारे

आसमान में जितने तारे,
सभी दोस्त हमारे हैं।
हमेशा हमारी मदद को आए,
जब भी हम उन्हें पुकारे हैं।
हमारे चेहरे से उदासी हटाकर,
हौसला हमारा बढ़ाते हैं।
मेहनत करो और आगे बढ़ो
हर रात हमें समझाते हैं।
हमें देखकर वो खुशी से,
जगमगा कर मुस्कुराते हैं।
कहते हैं तुम न डरना कभी,
साथ तेरे हम सारे हैं।।

**निकिता गुप्ता**
बी.ए.सी. (आई.एम.बी.) II

# चापड़ा चटनी

लाल चीटियों के झुण्ड अगर हम देख लें तो अक्सर कदम पीछे हो जाते हैं लेकिन बस्तर अंचल अपनी अनूठी परम्पराओं के कारण सदा से प्रचलित रहा है। जी हाँ, बस्तर की चापड़ा चटनी जिसे बहुत कम ही कोई गैर बस्तरिया जानता हो। ये खास तरह की स्वादिष्ट चटनी पेड़ों पर पाई जाने वाली एक खास किस्म की चीटियों और उसके अण्डों को पीस कर बनाई जाती है। बस्तर के आदिवासी इसे पेड़ की शाखाओं में अपनी तेज दृष्टि से ढूंढ लेते हैं। फिर उन शाखाओं को ही काट कर नीचे गिरा देते हैं और बहुत ही कुशलता से पत्तों और बाँस की टोकरी में इन्हें इकट्ठा कर लेते हैं। फिर टोकरी को तेजी से घुमाया जाता है जिससे चीटियाँ बाहर नहीं आ पाती हैं। चूँकि चीटियों में फॉर्मिक एसिड होता है इस कारण से चटनी के अलावा आदिवासी समाज इन चीटियों को बिमारियों ठीक करने में भी सहायक मानते हैं। आदिवासियों का मानना है कि चापड़ा चटनी स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का वर्धक है।

**पल्लवी अम्बस्थ**
सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर विभाग)



# नक्सलवाद

**चर्चा में क्यों? :-** हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले मे नक्सलियों द्वारा एक स्थानीय विधायक के काफिले पर हमला कर दिया था। ये हमला लोक चुनाव के प्रथम चरण से ठीक पहले किया गया। इस हमले में विधायक उनके वाहन चालक व तीन सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई थी।

**नक्सलवाद क्या है? :-** कुछ लोगों द्वारा समूहों में मिलकर राज्य को अस्थिर करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल किया जाता है। इसे ही नक्सलवाद कहते हैं। भारत में ज्यादातर नक्सलवाद माओवादी विचारधारा पर आधारित है। इस नक्सलवाद के जरिये वे वर्तमान शासन को उखाड़ फेंकना चाहते हैं और लगातार युद्ध के जरिये जनता की सरकार लाना चाहते हैं।

**कहाँ-कहाँ है नक्सलवाद : -** गृह मंत्रालय ने रेड कॉरिडोर को एक बार फिर से चिन्हित करना शुरू कर दिया। रेड कॉरिडोर भारत के पूर्वी भाग का एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ नक्सलवादी उग्रवादी संगठन अधिक पाये जाते हैं। मंत्रालय के अनुसार देश के 11 राज्यों में फैले नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 106 से घटाकर 90 कर दी गई है। इस सूची में 30 सबसे अधिक प्रभावित जिलों को भी शामिल किया गया है, जिसमें पिछली सूची के मुकाबले 6 जिलों को कम किया गया है। हालांकि इस दौरान कुछ नये जिलों में भी नक्सलवाद की गतिविधियाँ देखी गई हैं।

**नक्सलवाद की वैचारिक पृष्ठभूमि : -** शुरूआत में भारत में जहाँ वामपंथी आंदोलन पूर्व सोवियत संघ से प्रभावित था वहीं आज का माओवाद हिंसा और ताकत के बल पर समान्तर सरकार बनाने का पक्षधर हैं। इसके आलावा अपने मंजिल को प्राप्त करने के लिए ये किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**नक्सलवाद की शुरूआत :-** भारत में नक्सली हिंसा की शुरूआत 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गाँव से हुई थी। नक्सलबाड़ी गाँव के नाम पर ही उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद कहा गया। जमींदारों के द्वारा छोटे किसानों पर किये जा रहे अत्याचारों पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कुछ नेता सामने आये। ये आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता **माओ त्से तुंग** की नीतियों पर आधारित था, इसलिए इसे माओवादी भी कहा जाता है। नक्सलियों का कहना था कि मजदूरों व किसानों के साथ सरकार अत्याचार करती है और इसका मात्र एक रास्ता हिंसा ही है।

**नक्सलवाद के कारण :-**

नक्सलवाद के कारण तो बहुत सारे हो सकते हैं, किन्तु फिर भी इसका मुख्य कारण बेरोजगारी व गरीबी है। कहते हैं न "मरता व्यक्ति अपनी पेट भरने के लिए कुछ भी करता है", ठीक उसी तरह जब गाँव के लोगों का विकास ही नहीं होगा तो अपने जीवोपार्जन के लिए कुछ तो करना पड़ेगा न। नक्सलवाद के 4 व्यापक बिन्दु हैं जो इस प्रकार निम्नलिखित हैं–

**जल, जंगल, जमीन :-**

1. भूमि सुधार कानूनों का दुरूपयोग –
2. सरकारी व सामुदायिक जमीनों को हड़पना।
3. बिना उचित **हर्जाने और पुर्नवास** व्यवस्था के भूमि अधिग्रहण।
4. सदियों से चली आ रही आदिवासी जंगल व्यवस्था को बिगाड़ देना।

**विकासात्मक कार्यों में कमी :-**

1. बेरोजगारी
2. गरीबी
3. मूलभूत सुविधाओं का अभाव।
4. शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी।

स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए बने नियम कानूनों का धज्जियाँ उड़ाना।

**सामाजिक तिरस्कार और उपेक्षा :**

1. मानवाधिकार का उल्लंघन।
2. व्यक्ति के गरिमा का हनन।
3. समाज के मुख्य धारा से अलग ।
4. सरकार तथा शासन के प्रति असंतोष।

**रानी जायसवाल**
बी.कॉम (कम्प्यूटर) II

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद

जमीदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिए वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी नामक गांव में एक आंदोलन की शुरूआत हुई जिसके मुखिया कन्हाई चटर्जी थे। नक्सलवाद चीन के कम्युनिष्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। इसलिए इसे माओवाद भी कहा जाता है। वर्तमान में देश के लगभग 8 राज्यों के 60 जिलों में नक्सवाद की गंभीर समस्या बनी हुई है। जिनमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य उड़ीसा बिहार झारखंड तथा छत्तीसगढ़ है।

छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत अपने समीपवर्ती राज्य आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे बस्तर जिले से हुई है। छत्तीसगढ़ पिछले दो दशक से नक्सलवाद के शिकंजे में फंसा हुआ है तथा वर्तमान में नक्सलवाद को आतंकवाद के समरूप देखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ में ही इनके द्वारा 500 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। अब तक की बड़ी घटनाओं में प्रमुख रूप से उनके निशाने पर शासकीय कर्मचारी, नेता, पुलिस अधिकारी, आर्मी रहे हैं। इसका कारण यह है कि नक्सलवाद यह मानता है कि मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां तथा उससे जुड़े लोग जिम्मेदार है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ पूरे भारत देश के लिए गंभीर आंतरिक समस्या है। जिससे निपटने के लिए सरकार विभिन्न प्रयास कर रही है। जैसे सड़क निर्माण, सेल फोन कनेक्टिविटी के लिए मोबाइल टावर लगाया जा रहा है सबसे अधिक नक्सल प्रभावित 30 जिलों में नवोदय विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। सरकार को नक्सलवाद से निटपने के लिए सशस्त्र अभियान के साथ–साथ नक्सल प्रभावित पिछड़े क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर विकास तथा रोजगार सृजन का कार्य करना चाहिए। शिक्षा संचार परिवहन आदि को भी सशक्त किया जाना चाहिए, इस क्षेत्रों में सैन्य तथा पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, उद्योग–धंधे, स्कूल–कॉलेज अस्पताल आदि स्थापित किया जाना चाहिए। स्थानीय स्वशासन के तहत जनता की अधिक से अधिक भागीदारी तथा गरीबी उन्मूलन, रोजगार उन्मुखी कार्यक्रमों को सही ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा प्रचार–प्रसार के माध्यम से भी लोगों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए तथा वे सभी कदम उठाने की जरूरत है। जिससे सरकार में लोगों का विश्वास कायम हो सके।

**नक्सलवाद की बड़ी घटनाएं**

- **2007 बस्तर में 300 से ज्यादा विद्रोहियों द्वारा 55 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई थी।**
- **2013 छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा कांग्रेस के नेता समेत 27 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी।**

नक्सलवाद अन्याय और गैर बराबरी के कारण उत्पन्न आंदोलन है तथा देश में फैली सामाजिक और आर्थिक विषमता का एक नतीजा है। अतः इस दिशा में प्रमुख रूप से सुधार कर नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकता है।

**नक्सलियों के विरूद्ध चलाएं गए प्रमुख अभियान :-**

**1. ग्रीनहंट अभियान :-** यह अभियान वर्ष 2009 में चलाया गया। नक्सल विरोधी अभियान को वर्तमान में नक्सलवाद की समस्या का नाम मीडिया द्वारा प्रदान किया गया था। इस अभियान में पैरामिलेट्री बल तथा राष्ट्र पुलिस ने भाग लिया। यह अभियान छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र में चलाया गया।

**2. प्रहार :-** 3 जून 2017 को छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों द्वारा अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान प्रहार को प्रारंभ किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के चिंतागुफा में छिपे होने की सुचना मिलने के पश्चात इस अभियान को चलाया गया था।

**दीक्षा सिंह**
सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञान विभाग)

**शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक की जन्मजात शक्तियाँ बाहर प्रकट होती है। - फ्रोबेल**

**शिक्षा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का स्वभाविक, समरूप तथा प्रगतिशील विकास है। - पेस्टालॉजी**

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति

**छत्तीसगढ़ की संस्कृति :-**

छत्तीसगढ़ की संस्कृति सम्पूर्ण भारत में अपना बहुत ही खास महत्व रखती है। भारत के हृदय स्थल पर स्थित छत्तीसगढ़ जो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि रही है, प्राचीनकाल से सभ्यता, संस्कृति, इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से अत्यंत सम्पन्न है। यहाँ ऐसे भी प्रमाण मिले हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि अयोध्या के राजा श्रीराम की माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की ही थी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अंतर्गत अंचल के प्रसिद्ध उत्सव, नृत्य, संगीत, मेला—मड़ई तथा लोक शिल्प आदि शामिल हैं।

**त्यौहार : -**

बस्तर का दशहरा, रायगढ़ का गणेशोत्सव तथा बिलासपुर का राउत नाचा ऐसे ही उत्सव हैं, जिनकी अपनी एक बहुत ही विशिष्ट पहचान है। पण्डवानी भरथरी, पंथी नृत्य, कर्मा, दादरा, गैडी नृत्य, गौरा, धनकुल आदि की स्तर माधुरी, भाव—भंगिमा तथा लय में आज और उल्लास समाया हुआ है। छत्तीसगढ़ की शिल्पकला में परम्परा और आस्था का अद्भुत समन्वय विद्यमान है। यहाँ की पारम्परिक शिल्पकला में धातु, काष्ठ, बाँस तथा मिट्टी एकाकार होकर अर्चना और अलंकार के लिए विशेष रूप से लोकप्रिय है। संस्कृति विभाग न कार्यक्रमों में पारम्परिक नृत्य संगीत तथा शिल्पकला का संरक्षण और संवर्धन के साथ—साथ कलाकारों को अवसर भी प्रदान किए हैं।

**छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास :-**

भारतीय इतिहास में छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास रहा है। 36 गढों से बना छत्तीसगढ़ भारत का एक मात्र ऐसा राज्य है जो नाम के अनुरूप अपनी ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं संस्कृति इतिहास को समेटे हुए विद्यमान है। छत्तीसगढ़ में जो भी शासक रहे हैं। उनका इतिहास गौरवशाली रहा है। प्रारंभिक काल से लेकर ब्रिटिश काल तक का क्रमबद्ध इतिहास इस कृति की उपादेयता है। प्रथम बार छत्तीसगढ़ के इतिहास पर गहन अध्ययन कर विभिन्न राजवंशों का ऐतिहासिक, संस्कृति वर्णन एवं उनके द्वारा अपने कार्यकाल में किये गये उल्लेखनीय कार्यों को भी दर्शाया गया है। उनके रचनात्मक कार्यों का समावेश इस कृति में किया। उनके स्वर्णिम इतिहास को अजर—अमर कर जनसामान्य शोध छात्रों, सुधिपाठक इतिहासकारों एवं प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए यह कृति उपयोगी सिद्ध होगी।

**धर्म का गढ़ छत्तीसगढ़ :-**

भारत वर्ष में छत्तीसगढ़ की पहचान धर्म सहिष्णु राज्य के रूप में है। छत्तीसगढ़ अंचल में अनेक संस्कृतियों का अद्भुत विकास हुआ। तत्कालीन शासकों द्वारा विभिन्न धर्मों को आश्रय दिया उनके उत्तरोत्तर विकास में सहयोग दिया गया। फलस्वरूप शैव, वैष्णव, जैन, बौद्ध, शात्क आदि धर्मों के एक ही स्थान पर देवालय एवं मूर्तिकला स्थापित हुए और यह अंचल धर्म सहिष्णु के रूप में विख्यात हुए। इसी कारण से इसे धर्म का गढ़ छत्तीसगढ़ कहा जाता है। इस अंचल के प्रमुख धार्मिक स्थल जिसमें मंदिर देवालय, उपासना गृह आदि सम्मिलित हैं। इन सब को संक्षिप्त में इस कृति में स्थान दिया गया है, ताकि पर्यटक व श्रद्धालुगण इस कृति से उन स्थानों की जानकारी लेकर उन स्थानों पर भ्रमण कर सकें। पर्यटन की दृष्टि से यह कृति अत्यन्त उपयोगी है। छत्तीसगढ़ में आने वाले पर्यटकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगी।

**अनुरंजना लकड़ा**
बी.एच.एस.सी II



# छत्तीसगढ़ का रामनामी या रमरमिहा समाज



छत्तीसगढ़ राज्य जनजातीय बहुल राज्य है। सरगुजा और बस्तर अंचल की जनजातियों में गोदना प्रथा प्रचलित हैं। हिन्दू धर्म में लगभग सभी जातियों में गोदना आदि काल से प्रचलित है यह प्रथा धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक तथ्यों से जुड़ी है।

गोदना का शाब्दिक अर्थ है चुभाना! शरीर में सुई चुभोकर उसमें काले या नीले रंग का लेप लगाकर विभिन्न कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं इसे अंग्रेजी में टैटू कहते हैं।

सामान्य गोदना परम्परा से अलग स्वरूप लिये छत्तीसगढ़ अंचल में विशेष गोदना का प्रचलन है वह है ''रामरमिहा'' या ''रामनामी गोदना।'' यह गोदना स्त्री और पुरूष दोनों अपने अंगों पर समान रूप से कराते हैं। यह मध्य एवं उत्तरी छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित हैं। ये श्रीराम के निर्गुण स्वरूप के उपासक हैं। गोदना इनकी भक्ति भावना का प्रतीक है।

रामनामी गोदना श्रीराम के प्रति ईश्वरीय आस्था की भावना पर आधारित है। मनसा, वाचा, कर्मणा से रामकथा का गायन, वाचन, श्रवण, मनन करना भारतीय जनमानस का धार्मिक कर्तव्य रहा है, रामरमिहा गोदना इसी भावना की कड़ी है। राम रमिहा गोदना की उत्पत्ति के विषय मे दो मत सर्वाधिक मान्य है जिनमें से परशुराम नामक व्यक्ति पर ईश्वर की कृपा के फलस्वरूप असाध्य रोग दूर होकर उसके सीने में राम का नाम स्वयं अंकित हो गया। दूसरे मत के अनुसार लगभग सौ साल पहले निम्न जाति के लोगों को मंदिरों, मूर्तियों से दूर रहने तथा रामनाम न जपने को कहा गया तब अपमान और उपेक्षा ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया इस उपेक्षा पर समाज के सभी लोगों ने पूरे शरीर पर ही राम नाम गोदवाना शुरू किया। इनका पूरा जीवन राम के नाम पर समर्पित है– शरीर मे राम नाम का गोदना और रामनामी वस्त्र। इनका धार्मिक ग्रंथ रामचरित मानस है। इस सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार इनके राम मंदिर और मूर्तियों में नहीं बल्कि हर मनुष्य पेड़–पौधों और जीव जंतुओं में समाए हैं।

हमें भक्ति के लिए राम मंदिर जाने क्या जरूरत। हमने पूरे शरीर को ही राम के नाम कर डाला है। रामरमिहा समाज में लड़का पैदा होने पर एक निश्चित उम्र में एक संस्कार के तहत् शरीर पर राम नाम गुदवाया जाता है। पूरे शरीर में नख से शिख तक राम नाम का गोदना आँखों की नीचे, नाक के नीचे, ऊंगलियों और कान के अंदर, माथे पर एक नाम हो तो शिरोमणि, पूरे माथे पर सर्वांग रामनामी, पूरे शरीर पर नखशिख रामनामी। लडकियों के शरीर पर राम नाम विवाह के पश्चात् गुदवाया जाता है। जो शाकाहारी हो, नशा न करता हो सच्चे दिल से राम को माने तथा उसकी इच्छा शक्ति पर गोदना गोदवाना निर्भर करता है।

रामरमिहा समाज का हर समारोह श्री राम पूजा तथा रामायण के आधार पर होता है। विवाह आडम्बरविहीन तथा दहेज रहित होता है। रामायण को साक्षी मानकर समुदाय का प्रमुख व्यक्ति जैतखम्भ के सात फेरे दिलाकर पति–पत्नी घोषित करता है।

रामनामी सम्प्रदाय के लोग सतनामी समाज के अंग हैं। छत्तीसगढ़ में आदि पुरूष गुरू घासीदास जी के दिखाये रास्ते पर चलना तथा नियमों का पालन करे वाले सतनामी कहलाते हैं गोदना के माध्यम से ये अपनी स्वतन्त्र पहचान बनाए हुए हैं। रामनामी समाज एक राष्ट्रीय पंजीकृत समाज है। महानदी के तटवर्ती ग्रामों में इनका मुख्यतः निवास है परन्तु पूरे छत्तीसगढ़ में छिटपुट रूप में ये निवास करते हैं। रामनामी सम्प्रदाय के लोग केवल शिवरीनारायण स्थित माँ शबरी के मंदिर मे जाते हैं। इस मंदिर को वे अपनी अगाध श्रद्धा का केन्द्र मानते हैं। पूस की पुन्नी (पूर्णिमा) को अखिल भारतीय रामनामी बड़े भजन का मेला होता है। यह तीन दिन एकादशी से त्रयोदशी तक चलता है। यह एक बार रायपुर, दूसरी बार रायगढ़ तथा तीसरी बार जांजगीर जिले मे होता है।

रामरमिहा सम्प्रदाय का कुम्भ अगहन मास में लगने वाले बड़े भजन रामनामी मेला (रायपुर–बिलासपुर सम्भाग) को माना जाता है। श्रीमद्भागवत गीता में कहा गया है– "मासानां मार्गशीर्षोऽहं" अर्थात् सभी माह में श्रेष्ठ अगहन (मार्गशीर्ष) है। अंचल की परम्परा के अनुरूप प्रथम के पर्याय राम अर्थात् रामनामियों के बड़े भजन से किया जाता है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में जगह–जगह रामायण का पाठ होता है। रामनामी भजन गाते व नृत्य करते समय

किसी भी वाद्ययंत्र का प्रयोग नहीं करते बल्कि कांस के घुंघरूओं 100 से 150 की संख्या में जोड़कर गुच्छे का आकार दिया जाता है तथा इसकी धुन मे ही गाया और नाचा जाता है। इनका संत समागम रामनवमी में होता है तथा शबरी नारायण में माघ मेला लगता है।

वर्तमान परिदृश्य में युवाओं मे पूरे शरीर में गोदना गोदवाने की परम्परा कम होती जा रही है। सामाजिक नियमों का पालन करते हुए सिर्फ माथे, कलाई या शरीर के किसी अंग में गोदवाते हैं। गोदना के माध्यम से ये अपनी स्वतन्त्र पहचान बनाये हुए हैं। रामकथा का गायन, रामनामी चादर, रामनामी अंकित मुकुट पूरे शरीर पर रामनाम का गोदना। इसे वह गोदना गुदाना नहीं बल्कि अंकित कराना कहते हैं। गोदना के प्रति इनका विश्वास है कि मृत्यृ के पश्चात् स्वर्ग मे ईश्वर अपने भक्त को पहचान लेंगे।

आधुनिक समय के साथ गोदना परम्परा कम अवश्य हुआ पर समाप्त नहीं हुआ है सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही बल्कि पूरे विश्व मे राम के निर्गुण स्वरूप की उपासना रमरमिहा समाज में ही होती है। रमरमिहा सम्प्रदाय छत्तीसगढ़ की विशिष्ट भक्ति पद्धति की पहचान है।

**संगीता पाण्डेय**
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी विभाग)

# सुविचार

झाडू जब तक एक सूत्र में बंधी होती है, तब तक वह कचरा साफ करती है, लेकिन जब वही झाडु बिखर जाती है, तो खुद कचरा बन जाती है। इसलिए हमेशा संगठनों में बंधे रहें, बिखर कर 'कचरा' न बनें।

इतना छोटा कद रखिए की, सभी आपके साथ बैठे सकें, और इतना बड़ा मन रखिए की, जब आप खड़े हो जाएं तो कोई बैठा न रह सके।

हम अपना भविष्य बदल न पाए ये अलग बात है। लेकिन वर्तमान को सबसे अच्छा बना सकते हैं, ये हमारे हाथ में है।

जिंदगी में दो लोग का हमेशा ख्याल रखना, एक वो जिसने तुम्हारे जीने के अपना सब कुछ हारा हो, ''पिता'' दूसरा वो जिसको तुमने हर दुःख में पुकारा हो, ''माँ''

दो बातें अपने अंदर पैदा कर लो, एक तो चुप रहना और एक माफ करना, क्योंकि चुप रहने से बड़ा कोई जवाब नहीं और माफ कर देने से बड़ा कोई सजा नहीं।

मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी है, जो कि, बंद भाग्य के दरवाजे भी खोल देती है।

**कु. सीमा यादव**
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (बायो)

# हमर छत्तीसगढ़ मईयाँ

खनिज संसाधन से परिपूर्ण हवय,
सब्बो खूबी से सम्पूर्ण हवय,
'धान के कटोरा' नाव
से जग में विख्यात हवय,
हमर छत्तीसगढ़ महतारी हवय।।

डोंगरी एकर बिंदिया हवय,
जतका आनिबानी के ये हवय,
ओतका एकर बोली ह हवय,
देश में सबले सुघ्घर हवय,
हमर छत्तीसगढ़ महतारी हवय।।

तीज पोरा तो खास तिहार हवय,
पीडिया अउ अरसा कलेवर म सजथे,
अपन लोक संस्कृति के छटा ला देश में बिखेरत हवय,
हमर छत्तीसगढ़ महतारी हवय।।

चित्रकुट सा विशाल हवय,
महानदी सा जीवन ला स्त्रोत हवय,
विशाल भारत कर हृदय स्थल हवय,
हमर छत्तीसगढ़ महतारी हवय।।

**''जय छत्तीसगढ़, जय छत्तीसगढ़ मईयाँ''**

**त्रिप्ती साहु**
बी.एस.सी. (गणित) II

# सुविचार

(1) शब्द भी एक तरह का भोजन है, किस समय कौन सा शब्द परोसना है, वो आ जाये तो दुनिया में उससे बढ़िया रसोईया कोई नहीं है। शब्द का भी अपना एक स्वाद है, बोलने से पहले स्वयं चख लीजिये। अगर खुद को अच्छा नहीं लगे तो दूसरों को कैसे अच्छा लगेगा।

(2) रेस में जीतने वाले घोड़े को तो पता भी नहीं होता कि जीत वास्तव में क्या है, वो तो अपने मालिक द्वारा दी गई तकलीफ कि वजह से ही दौड़ता है। इसलिए यदि आपके जीवन में कभी कोई तकलीफ आए तो समझ लेना कि आपका मालिक आपको जीताना चाहता है।

(3) रास्ते पर कंकड ही कंकड ही तो भी उस पर चला जा सकता है। लेकिन यदि अच्छे जुते के अंदर एक भी कंकड हो तो एक अच्छी सड़क पर भी कुछ कदम तक चलना मुश्किल है, अर्थात् बाहर की चुनोतियों से नहीं हम अपनी अंदर की कमजोरियों से हारते है।

**लक्ष्मी यादव**
बी.एस.सी (कम्प्यूटर साईंस) II

# एक कविता-माँ के नाम

वो भी क्या दिन थे
मम्मी की गोद और पापा के कंधे
ना पैसे की सोच और
ना ही लाइफ के फंडे
ना कल की चिंता और
ना ही फ्यूचर के सपने
लेकिन अब कल की फिक्र
और अधूरे है सपने
लेकिन अब कल की फिक्र
और अधूरे हैं सपने
पीछे मुड़ के देखा तो
बहुत दूर थे वो अपने
मंजिलों को ढूंढते–ढूंढते कहां खो गए हम
क्या सच में इतने बड़े हो गए हम।

**अंकिता गुप्ता**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

# परिश्रम

परिश्रम ही जीवन का सार है,
परिश्रम ही सफलता का आधार है,

परिश्रम करो बन जाएगा जीवन तुम्हारा
परिश्रम करो हो जाएगा कल्याण तुम्हारा



जो परिश्रम से है कतराते वे जीवन में कुछ न कर पाते
परिश्रम करते जाना है, मंजिल को सदा पाना है।

जब हम परिश्रम करते हैं, तभी ऊंचाईयों को पाते हैं।
तुमको अपना लक्ष्य रखना है,
इस जीवन में कुछ कर दिखाना है।

परिश्रम ही जीवन का सार है
परिश्रम ही जीवन का आधार है।

**अमर ज्योति यादव**
बी.कॉम. (प्रथम वर्ष)

# जरा कह दो

मुश्किलें जरूर हैं, मगर ठहरी नहीं हूँ मैं,
मंजिलों से जरा कह दो, अभी पहुँची नहीं हूँ मैं
कदमों को बाँध न पाएगी, मुसीबतों की जंजीरें,
रास्तों से जरा कह दो, अभी भटकी नही हूँ मैं,
सब्र का बाँध टुटेगा, तो फना कर के रख दूँगी,
दुश्मनों से जरा कह दो, अभी गरजी नहीं हूँ मैं।।
दिल में छुपा कर रखी हूँ, लड़कपन की चाहतें,
मोहब्बतों से जरा कह दो, अभी बदली नहीं हूँ मैं,
साथ चलता है, दुआओं का काफिला,
किस्मतों से जरा कह दो, अभी तनहा नहीं हूँ मैं।।

**अंजना गुप्ता**
बी.एस.सी. (गणित)

# विचार

कोने का पत्थर समझकर उसे
लात मारते थे लोग...
जब उसी पत्थर को मंदिर में
पाया तो, सर झुकाने लगे लोग

कुछ चीजें 'कमजोर' की
हिफाजत में 'महफुज' रहती है।
जैसे मिट्टी की गुल्लक में लोहे के सिक्के
बस विश्वास होना चाहिए।

**आस्था रॉय**
बी.कॉम (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) III

# समय की बचत

एक साल की कीमत – किसी परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र से पूछिए।

एक माह की कीमत – उचित समय से पहले जन्म हुए किसी बालक की माँ से पूछिए।

एक दिन की कीमत – प्रतिदिन कमाकर खाने वाले किसी मजदूर से पूछिए।

एक मिनट की कीमत – गाड़ी छूटने पर पछताने वाले किसी यात्री से पूछिए।

एक पल की कीमत – एक पल की असावधानी से दुर्घटनाग्रस्त किसी व्यक्ति से पूछिए।

जो हमेशा कहे मेरे पास समय नही असल में वह व्यस्त नहीं बल्कि उसका जीवन अस्त–व्यस्त है।



# मेरे पापा



कोई परेशानी हो तो
आप आगे आते हो
''मेरे पापा''

अच्छा क्या, बुरा क्या
इसकी पहचान आप करवाते हो
''मेरे पापा''

कहते हैं आसमान जितना
ऊँचा रहता है पिता का कद
मेरे लिए तो आसमान से भी
ऊँचा कद है आपका
''मेरे पापा''

**अंकिता गुप्ता**
बी.ए. (तृतीय वर्ष)

# कविता

शुक्रिया है, उसका कि उसने, तुम्हारे यहाँ जन्म दिया,
कम से कम उन कुछ लड़कियों कि तरह, सांस तो हमने लिया

फेंका नहीं तुमने हमें लड़की जात जानकर,
दिल खुश है, पापा, तुम्हारा यह एहसान मानकर

इतना ही नहीं बहुत सी तुमने हमारे लिए जोड़ी है
कमाई, आज के जमाने में तुमने अपनी दो–दो बेटियाँ पढ़ाई।

पढ़ाई दी, कपड़े दिया, खाना दिया खाने को,
अब थोड़ा सा ज्ञान मेरा, पापा काम तो आने दो।

कमजोर समझकर तुम, अपने को गैरो में बैशाखी
ढूंढ़ते रहे, हम यहाँ सहारा देने पापा तुम ही को ढूंढ़ते रहे।

फूल से हम भले ही नहीं, लेकिन नाजुक हैं,
एक बार तो आजमालो पापा तुम्हारी इज्जत की हम चाबुक हैं।

इतने बड़े संसार में लाकर, कहते हो,
आँखें बन्द कर लो, नियत खराब होती है किसी और
की, और हमको कहते हो कपड़े बदल लो।

तुमने ही बनाया है काबिल, उसका इनाम तो ले लेना,
भले ही बाद में, उसको भी दहेज में साथ भेज देना।

लड़का कम नहीं, लड़की से ये तो हम मानते हैं,
लड़की भी लड़का बन सकती है, क्या ? आप यह जानते हैं।



**आस्था रॉय**
बी.कॉम (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) III

# सुकरात और आईना

दार्शनिक सुकरात दिखने में कुरूप थे। वह एक दिन अकेले बैठे हुए आईना हाथ में लिए अपना चेहरा देख रहे थे। तभी उनका एक शिष्य कमरे में आया सुकरात को आईना देखते हुए देख उसे कुछ अजीब लगा। वह कुछ बोला नहीं सिर्फ मुस्कुराने लगा। विद्वान सुकरात शिष्य की मुस्कुराहट देख कर सब समझ गए और कुछ देर बाद बोले, मैं तुम्हारे मुस्कुराने का मतलब समझ रहा हूँ... अवश्य ही तुम यह सोच रहे हो कि मुझ जैसे कुरूप व्यक्ति को आईना देखने की क्या आवश्यकता है। यह सुनकर शिष्य बहुत लज्जित हुआ। सुकरात ने शिष्य से पूछा क्या तुम नहीं जानना चाहते कि, मैं क्यों आईना देखता हूँ? शिष्य अपने कृत्य पर शर्मिंदा था, अतः वह कुछ नहीं बोला। मैं कुरूप हूँ, फिर भी तुम मेरे शिष्य क्यों बने? शिष्य बोला आपके ज्ञान की सुन्दरता इतनी है, कि मैं आपकी ओर खिंचा चला आया। आपका व्यवहार इतना उत्तम है, कि उससे प्रभावित हुए बिना कोई रह नहीं सकता। सुकरात ने कहा, मैं रोज आईना देखता हूँ, आईने में अपनी कुरूपता को देखता हूँ, और सोचता हूँ, कि मैं इतना कुरुप हूँ, लोग मुझे देखकर डर जाते हैं। इसलिए मैं हमेशा ऐसे सत्कर्म करूं ताकि मेरे सत्कर्म मेरी कुरूपता नहीं दिखे और वे मेरे सत्कर्म से मुझे जानें। शिष्य सुकरात के विचार जानकर बहुत प्रभावित हुआ। परन्तु सुकरात के विचार सुनकर शिष्य के मन में एक प्रश्न उठा। उसने विद्वान सुकरात से कहा, कि यदि जो व्यक्ति कुरूप नहीं है, अत्यधिक सुंदर है, उसे तो आईना देखने की कोई जरूरत नहीं फिर वह क्यों आईना देखता है। इस पर सुकरात ने कहा, कि सुंदर व्यक्ति को भी आईना देखने की जरूरत होती है, ताकि वह आइने सुंदर शरीर की तरह अपने मन वचन और कर्म में भी सुंदरता लाए। ताकि वह अपने कर्मों के कारण कुरूप ना कहलाए। सुकरात के उत्तर को सुनकर शिष्य के मन में सुकरात मे प्रति मान और भी बढ़ गया।



**आस्था रॉय**
बी.कॉम (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) III

# प्यारी बेटियाँ

है समस्या बेटे गर, समाधान है बेटियाँ।
तपती धूप में जैसे, ठण्डी छाँव है बेटियाँ।।
होकर भी धन पराया सा, है सच्चा धन अपना।
दिखावे की दुनियां में, गुप्तदान है बेटियाँ।।

अपनी बदहाली की, की सबने बहुत चर्चाएँ।
है ढ़ाँपती कमियों को, मेहरबां है बेटियाँ।।
तनाव भरी गृहस्थी में, है चारों ओर तनाव।
व्यंग्य–बाणों के बीच, पैसे ढ़ाल है बेटियाँ।।

हैं दूर वे हम सबसे, है फिक्र उन्हें हमारी।
करती दुआएँ हरदम, खैरख्वाह है बेटियाँ।।
है बेटा कल–दीपक, घर ये रोशन जिससे।
दो घर जिनसे परिवार, वह बुनियाद है बेटियाँ।

है लोग वे जल्लाद, जो खत्म उन्हें हैं करते।
टिका जिनपे परिवार, वह बुनियाद है बेटियाँ।।
माँगती है मन्नत, बेटों की खातिर दुनियां।
अपनी नजर में दोस्तों, महान है बेटियाँ।।

**निकिता गुप्ता**
बी.एस.सी. (आई.एम.बी.) II





# मेरी माँ

दुनियां मे ंएक चीज न्यारी,
वह है, मेरी माँ प्यारी।
कांटो से जो मुझे बचाती,
माँ है, वह फूलों की क्यारी।।

मैं हूँ इसकी मुनियां प्यारी
उसमें देखूँ दुनियाँ सारी।
शब्दों मे जो समा न पाए,
महिमा उसकी ऐसी न्यारी।।

अवगुण मेरे मन न चितारे,
देखे मुझमें गुण ही सारे।
देख मुझे मन ही हर्षाए,
मुझमें अपने सपने सजाए।
मुझ पर जाएं माँ बलिहारी,
मैं हूँ उसकी आँगनबाड़ी।।

मेरे रूप को दिया आकार,
इस जीवन को दिया आधार।
कैसे व्यक्त करूँ आभार,
माँ कोटि–कोटि तुमको नमस्कार।।

शक्तिरूप ममता का सागर,
बच्चों के लिए सुख की गागर।
इसकी सेवा मे मैं सादर,
नहीं समझ में आता मुझको,
करूँ मैं कैसे माँ का आदर।।

**निकिता गुप्ता**
बी.ए.सी. (आई.एम.बी.) II

# माँ



दुनियाँ का पहला प्रेम — माँ
सबसे कीमती वरदान — माँ
धरती पर ईश्वर की कहानी — माँ
खुशियों के बाग में बागवान — माँ
प्रकृति के सौंदर्य का पहला उपहार — माँ
काँटोभरी राह में फूलों का अहसास — माँ
प्यार और डाँट का खट्टा–मीठा खेल — माँ
गैरों की दुनियाँ में अपनों का विश्वास— माँ
कुदरत की सम्पूर्ण व्यवस्थित व्यवस्था— माँ

**अंकिता गुप्ता**
बी.ए. तृतीय वर्ष

## अनमोल बातें

भुला के नींद अपनी सुलाया हमको,
गिरा के आँसू अपने हँसाया हमको,
दर्द कभी न देना उन हस्तियों को
खुदा ने माँ–बाप बनाया जिनको।।

## जिंदगी

बेखौफ आसमां में खिलखिलाती जिंदगी,
कुछ अक्षरों से फलसफें बनाती जिंदगी,
पंजों पर ऊचक कर राह दिखाती जिंदगी,
चुनौतियों को हंस कर मुंह चिढ़ाती जिंदगी।।
हर मुश्किल को धूल में उड़ाती जिंदगी,
जीत कर फिर आगे बढ़ जाती जिंदगी,
किसी मोड़ पर नए रिश्ते बनाती जिंदगी,
नया साल, नए सपने सजाती जिंदगी।।
आशाओं के फूल कुछ खिलाती जिंदगी,
अपनों के साल मुस्कुराती जिंदगी,
जिंदगी को जिंदगी बनाती जिंदगी,
मंजिल नहीं राहें कहलाती जिंदगी।।

**अंकिता गुप्ता**
बी.ए. तृतीय वर्ष

# दिव्य गुण

परमात्मा में सम्पूर्ण — निष्ठा
आत्मा में — दृढ़ता
विचार में — परिपूर्णता
मन में — संतुष्टता
बुद्धि में — दिव्यता
संस्कार में — श्रेष्ठता
दृष्टि में — पवित्रता
वाणी में — मधुरता
कर्म में — प्रवीणता
सेवा में — नम्रता
व्यवहार में — सरलता
स्नेह में — शुद्धता
आहार में — सात्विकता
जीवन में — सत्यता
व्यक्तित्व में — महानता
निन्द्रा में — निश्चिंतता।

## जीवन का मंत्र

उम्मीद ऐसी हो, जो मंजिल तक ले जाये।
मंजिल ऐसी हो, जो जीना सिखलाए।
जीना ऐसा हो, जो रिश्ते की कदर करे।
रिश्ते ऐसे हो, जो याद करने को मजबुर करे।
लगातार हो रही असफलताओं से निराश नहीं होना चाहिए।
कभी–कभी गुच्छे की आखिरी चाभी ताला खोल देती है।
आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, लेकिन अपनी आदत बदल सकते हैं, और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका फ्यूचर बदल देगी।
अपने अंदर से अहंकार को निकाल कर स्वयं को हल्का कीजिए, क्योंकि ऊँचा वही उठता है, जो हल्का होता है रिश्ता कोई भी हो, उसमें एक–दूसरे का सम्मान और
भरोसा होना बेहद जरूरी है।

**बबीता यादव**
बी.ए.सी. (बायो) III

# जीवन

परिस्थितियों पर किसी का जोर नहीं होता,
इनके आने से पहले कोई शोर भी नहीं होता,
किसी को ये मजबूत बना जाती है,

तो किसी को ये मजबूर भी बना जाती है।।

कभी तो ये हम पर मेहरबान होती है,
और कभी हमारे कर्मों की जिम्मेदार भी होती है,
कभी तो ये परिस्थितियां जीवन में बहार ले आती है,
तो कभी अनचाहे कई कहर ढ़ा जाती है।।

इन परिस्थितियों से अकेले लड़ना,
हर बार शायद मुमकिन ना हो,
पर डट कर सामना करो तुम
तो शायद ये इतना मुश्किल भी ना हो।।

परिस्थितियाँ तो आती जाती रहेंगी,
पर अगर ध्यान से देखो इन्हें तुम
तो हर बार तुम्हें ये कुल नया ही 'सिखाती रहेंगी',
तुम्हे पहले से और खरा भी बनाती है।।



# माता-पिता का फर्ज

सपना था, कि जिंदगी में कुछ पल बनाऊँगी, सपने को हकीकत कर, जिंदगी को सजाऊँगी। जिंदगी के उस पल को याद करके मुस्कुराऊँगी, जब माँ–बाप ऊँगली पकड़कर जहाँ ले जाते थे वहाँ चली जाती थी। और आज बड़े होने के बाद भी माता–पिता के पीछे चलने की आदत सी बन गई है, इस जन्नत की दुनियाँ में आपको न भुला पाऊँगी।

मेरे प्यारे माता–पिता इस दुनियाँ को भले ही भूल जाऊँगी, आपके उस कर्ज को कैसे चुकाऊँगी, यह दुनियाँ की रीत है, की आपको छोड़कर चली जाऊँगी, लेकिन आपके फर्ज को ना भुला पाऊँगी, जो इतने एहसान मुझ पर है, उसका कर्ज तो ना सही, लेकिन कुछ फर्ज तो जरूर निभाऊँगी। इतने अच्छे प्यारे मेरे माता–पिता हैं, तो कुछ फर्ज तो जरूर निभाऊँगी, आपके जो सपने हैं, उसको साकार जरूर करूँगी।

**कु. सीमा यादव**
बी.एस.सी. (बायो) तृतीय वर्ष

# सेवा भाव की छोटी सी कहानी

एक गाँव में एक गरीब रहता था। एक दिन उसका बच्चा बहुत बीमार हो गया। उसके पास अपने बच्चे के ईलाज के लिए पैसे नहीं थे। वो गरीब जिसके भी पास मदद के लिए जाता, वो उसे मना कर देता, फिर वो गरीब गाँव के ही एक अमीर के पास गया और कहा–'मालिक मेरा बच्चा बहुत बीमार है। अगर उसका ईलाज न हुआ तो वो मर जायेगा। यह सुनकर उस अमीर को गरीब पर तरस आ गया और उसने बच्चे के ईलाज के लिए कुछ पैसे दे दिए। वो गरीब उसको दुआएँ देता और कहता–'मालिक आपके इस अहसान का बदला एक दिन मैं जरूर चुकाऊँगा। अमीर ने सोचा यह गरीब मेरे अहसान का बदला क्या चुकाएगा। कुछ सालों के बाद उस अमीर का इकलौता लड़का इतना बीमार हुआ, कि उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं बची। डॉक्टर ने कहा– अगर आपके लड़के को इसके ग्रुप का खून नहीं मिला तो मैं इसको नहीं बचा सकता। अमीर ने हर जगह उस ग्रुप के खून की तलाश की, मगर खून कहीं नहीं मिला।

जब यह बात उस गरीब को पता चली तो वो तुरंत हॉस्पिटल गया और अपना खून देकर अमीर के लड़के की जान बचा ली। क्योंकि उसका भी ब्लड ग्रुप वही था जो अमीर के लड़के का था। उस अमीर को समझ आ गया, कि कभी भी छोटे–बड़े का भेद–भाव नहीं करना चाहिए। हमेशा सबकी मदद करनी चाहिए, क्योंकि जो दूसरों की मदद करता है, उसकी मदद सब करते हैं।

कोशिश करें दूसरों की मदद के लिए आगे आयें, जितना हो सके, बन सके मदद करें, क्योंकि जीवन में कभी भी, कहीं भी किसी को भी मदद की जरूरत पड़ ही जाती है। अगर आज आपने किसी की मदद की तो तो हो सकता है कल कोई आपकी भी करे। इसलिए कहते हैं "Helping Each other" दीप से दीप जलाते चलो पता नहीं जिंदगी में फिर कभी कोई मौका मिले न मिले।

**रिया दिवान**
बी.कॉम द्वितीय वर्ष

# एक भारत श्रेष्ठ भारत

प्रभारी - आलोक चक्रवर्ती, सहा. प्रा. (गणित)
सदस्य - सि. अनीता मिंज, सहा. प्रा. (होम साईंस)
संगीता पाण्डेय, सहा. प्रा. (हिन्दी)

छात्र पदाधिकारी
अध्यक्ष - मनीषा रानी, बी.एस.सी. III
आशा किंडो, बी.एस.सी. III
आभा प्रियंका कुजूर, बी.एस.सी. III
अदिति सिंह, बी.एस.सी. II
अंजू टोप्पो, बी.ए. II
नेहा खरे, बी.एस.सी. II

एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का गठन भारत के सभी राज्यों के बीच सांस्कृतिक समरसता एवं आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय के अंतर्गत किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य को गुजरात राज्य के साथ जोड़ीदार बनाया गया है, हमारा महाविद्यालय गुजरात राज्य के यूनिवर्सल ट्रस्ट सुरिबा महिला महाविद्यालय नाडियाद के साथ जोड़ीदार के रूप में चयनित है।

**आयोजित कार्यक्रम –**

मोटिवेशनल विडियो - पंचतंत्र की कहानियों का गुजराती भाषा में प्रदर्शन।

लोकनृत्य (गुजराती) - 18.01.2020

गुजराती फूड फेस्टिवल - 14.02.2020

नोटिस बोर्ड डिस्प्ले - 22.02.2020

स्वच्छता अभियान - 31.03.2020

# Science Association

**Faculty Incharge :**

Dr. Usha Shukla
All science Faculty

महाविद्यालय में विज्ञान संघ के गठन हेतु अंसेम्बली हॉल में सितम्बर 2019 में संघ के प्रभारी तथा अन्य शिक्षकों के निर्देशन में तथा विज्ञान संघ की सभी छात्राओं की उपस्थिति में निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| President | - | Ku. Manisha Rani | B.Sc. III Math |
| Vice President | - | Ku. Uttra Shrivastav | B.Sc. III C.S |
| Secretary | - | Ku. Sapna Pandey | B.Sc. II Bio |
| Joint Secretary | - | Ku. Deepakashi Gupta | B.Sc. I Bio |

12.10.2019 को विज्ञान संघ के प्रभारी सभी शिक्षक एवं पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। जिसमें **Quiz Competition (Computer)** कराने का निर्णय लिया गया।

## Result of Quiz Competition

**Winner -**

Ku. Sakshi Gupta, B.Sc. III C.Sc.

Ku. Alpha Nandani, B.Sc. III C.Sc.

Ku. Khushbu Kushwaha, B.Sc. II C.Sc.

Ku. Sunita, B.Sc. II C.Sc.

**Runner -**

Ku. Riya Tiwari, B.Sc. III C.Sc.

Ku. Priya Keshri, B.Sc. III Math

Ku. Neha Kujur, B.Sc. III C.Sc.

Ku. Saroj B.Sc., II Bio

# AICUF आईकफ

प्रभारी - सि. अनिता मिंज
सि. मंजू टोप्पो
अध्यक्ष - प्रीति बखला B.Sc. III
उपाध्यक्ष - अलिना लकड़ा B.Sc. II
सचिव - सुमन तिर्की B.Sc. III
सहसचिव - अर्चना तिर्की B.Sc. I

दिनांक 18.12.2019 को फा. आलोक कुजूर, फा. सुशील एवं सि. अनिता की अगुवाई में अम्बिकापुर के जेल में **Holy Cross** AICUF और **Loyola AICUF Unit** के **Aicufers** ने एक साथ मिलकर जेल के सभी कैदियों के साथ मिलकर **Christmas Gathering** का **Celebration** बड़ी धूम धाम से मनाया।

साथ ही साथ हॉली क्रॉस वूमेन्स कॉलेज एवं आशा निकुंज विशेष विद्यालय में भी सि. अनिता की देखरेख में दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर **Christmas Celebrate** किया।

---

# कला संघ

प्रभारी -

Dr. Kalpna Gupta
Asst. Prof. in Economics

Dr. Tripti Pandey
Asst. Prof. in Sociology

पदाधिकारी
अध्यक्ष - प्रीति एक्का, बी.ए. तृतीय वर्ष
उपाध्यक्ष - नेहा ओझा, बी.ए. द्वितीय वर्ष
सचिव - अवन्तिका अग्रवाल, बी.ए. द्वितीय वर्ष
सह सचिव - भाग्या मिश्रा, बी.ए. तृतीय वर्ष

वर्ष 2019-20 में कला संघ की ओर से निबंध प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय ग्राम स्वराज एवं महात्मा गांधी रखा गया : क्योंकि यह वर्ष महात्मा गांधी के 150 वीं जयन्ती वर्ष के रूप में मनाया गया। इससे छात्राओं में जागरूकता बढ़ी, इतिहास को, गांधी को जानने, समझने का मौका मिला और रचनात्मक कला को भी प्रदर्शित करने का भी अवसर मिला। तात्कालिक भाषण भी समसामयिक विषयों पर आधारित था।

निबंध प्रतियोगिता (20.10.2019) में परिणाम इस प्रकार रहे
प्रथम - अंजना गुप्ता, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (मैथ)
द्वितीय - बिन्दूवती राजवाडे, बी.ए. तृतीय वर्ष

तात्कालिक भाषण (14.11.2019) में परिणाम इस प्रकार रहे
प्रथम - कु. रीचा, बी.कॉम . प्रथम
द्वितीय -
अवन्तिका अयंगर, बी.ए. प्रथम
अंजना गुप्ता - बी.एस.सी, तृतीय (मैथ)

# कामर्स एसोसिएशन

सत्र 2018 - 20 के लिये कामर्स एसोसिएशन का गठन किया गया। एसोसिएशन पदाधिकारी एवं सदस्य निम्नानुसार हैः -

प्रभारी -

1. डॉ. विनोद गर्ग
2. एस.एस. अली

पदाधिकारी -

1. अध्यक्ष - अंकिता, तिर्की, बी.कॉम अंतिम
2. उपाध्यक्ष - अमिषा एक्का, बी. कॉम द्वितीय
3. सचिव - सृष्टि सिंह, बी.कॉम अंतिम
4. सहसचिव - साक्षी गुप्ता, बी.कॉम प्रथम

एसोसिएशन का उद्देश्य :-

1. छात्राओं का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास।
2. छात्राओं की कार्यक्षमता में सुधार व उनका विकास।
3. छात्राओं को अध्ययन एवं मनोरंजन के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन
4. छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाना।

आयोजित कार्यक्रम -

1 लोक गीत प्रतियोगिता दिनांक 14.11.2019

इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा :-

प्रथम - कुहू द्विवेदी एवं सुमन तिर्की, बी.कॉम अंतिम

द्वितीय - एलीना एवं ग्रुप, बी.एस.सी. द्वितीय

2. लघु नाटक प्रतियोगिता दिनांक 15.11.2019

इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा -

प्रथम - शम्मी कुजूर एवं ग्रुप, बी.एस.सी. प्रथम

द्वितीय - फरजाना अंजुम एवं ग्रुप, बी.कॉम. अंतिम

3. वाद - विवाद प्रतियोगिता, दिनांक 15.11.2020 इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार हैः-

पक्ष में प्रथम - नाजिया, बी.एस.सी. अंतिम

द्वितीय - श्रेया गुप्ता, बी.एस.सी. प्रथम

विपक्ष में प्रथम - रिचा चेलकर, बी.कॉम. द्वितीय

द्वितीय - खुशबू विश्वकर्मा, बी.एस.सी. द्वितीय

# USM

प्रभारी - अरूणा मिंज, सहा. प्राध्यापक, भूगोल

पिंकी सिन्हा, सहा. प्राध्यापक, हिन्दी

सृष्टि सलज स्वर्णकार, बायोटेक्नोलॉजी

बुशरा तब्बससुम (माइक्रो)

पदाधिकारी

अध्यक्ष - अंजना गुप्ता, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (गणित)

उपाध्यक्ष - साक्षी लकड़ा, बी.ए. द्वितीय वर्ष

सचिव - वैष्णवी द्विवेदी, बी.ए. प्रथम वर्ष

सह सचिव - शीतल स्वर्णकार, बी.ए. प्रथम वर्ष

विश्व बन्धुत्व आन्दोलन इकाई के सौजन्य से सत्र 2019-20 में दिनांक 24.10.2019 को दीपावली उत्सव सर्व धर्म सद्भाव की भावना को मन मस्तिष्क में जागृत करते हुये महाविद्यालय के सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं के द्वारा रामायण का मंचन किया गया। साथ ही प्रार्थना नृत्य, भांगड़ा, डांडिया, गरबा एवं बंगाली नृत्य द्वारा अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। गुरूनानक जयंती का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में दिनांक 11.11.2019 को किया गया। जिसमें गुरूनानक देव जी के जीवन वृत पर प्रकाश डाला गया।

अनेकता में एकता का संदेश देते हुये नारा लेखन प्रतियोगिता दिनांक 03.12.2019 को भूगोल प्रयोगशाला में आयोजित हुई। छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता को दर्शाते हुये बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं की लेखन प्रतिभा एवं सबको समान समझने की सोच भी उभरकर सामने आई।

इसके परिणाम इस प्रकार हैं - ?

प्रथम - कु. रितु कुम्भकार (बी.ए. तृतीय वर्ष)

द्वितीय- कु. प्रेरणा लकड़ा (एम.एस.डब्ल्यू तृतीय सेम.)

तृतीय - कु. बिन्दावती राजवाड़े (बी.ए. तृतीय वर्ष)

एक दिवसीय सर्व-धर्म सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय सभागार में दिनांक 04.12.2019 को किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्शायी। विभिन्न धर्म गुरूओं को एक मंच पर आमंत्रित किया गया और छात्राओं को संदेश दिया गया कि ''हम सब एक ही ईश्वर की संतान हैं''।

# रासेयो वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2019-20

संरक्षक -
डॉ. सि. शान्ता जोसेफ
कार्यक्रम अधिकारी -
डॉ. मृदुला सिंह
सहयोग - श्रीमती पिंकी सिन्हा, श्रीमती ज्योति कमल
कार्यालय सहयोग -
श्रीमती शाहजादी
छात्र पदाधिकारी
अध्यक्ष - कु. दमयंती भगत, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष
उपाध्यक्ष - क. आभा प्रियंका कुजूर (बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष)
सचिव - कु. विनीता केरकेट्टा (बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष)
सहसचिव - कु. प्रियांशु गुप्ता (बी.कॉम प्रथम वर्ष)
रासेया की वार्षिक विषय वस्तु - ''**महात्मा गांधी एवं ग्रामीण विकास**''
वार्षिक उद्देश्य

1. गोद ग्राम में शौचालय के उपयोग संबंधी जागरूकता अभियान।
2. नरवा, घुरवा, गुरूवा एवं बाड़ी योजना पर आधारित कार्यक्रम का क्रियान्वयन।
3. पर्यावरण जागरूकता अभियान।
4. बालिका शिक्षा प्रोत्साहन अभियान ।
5. मतदाता जागरूकता ।
6. कृषि से संबंधित जागरूकता।
7. समाज सेवी गतिविधियों को बढ़ावा।

गतिविधियाँ -

01. स्वच्छ भारत पखवाड़ा दिनांक 01-15 अगस्त 2020 तक गोद ग्राम डिगमा में विभिन्न कार्यक्रम का संचालन किया गया।
02. दिनांक 04 अगस्त को गोद ग्राम में पल्स पोलियो अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का संचालन।
03. दिनांक 20 अगस्त को सद्भावना दिवस एवं पखवाड़ा के अवसर पर हरियर संदेश की विषय वस्तु पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता, वाद - विवाद प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण।
04. दिनांक 06 अगस्त को गोद डिगमा में दीवारों में नारा लेखन एवं वृक्षारोपण।
05. दिनांक 07 अगस्त को महाविद्यालय परिसर के बाहर वृक्षारोपण।
06. 15 अगस्त को स्वंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय ग्रांउण्ड में रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा परेड।
07. 08 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम।
08. 24 सितम्बर रासेयो स्थापना दिवस के अवर पर व्याख्यान का आयोजन।
09. 27 सितम्बर को पोषण आहार पर केन्द्रित जागरूकता कार्यक्रम एवं 29 सितम्बर को फिट इंडिया मूवमेन्ट मनाया गया।
10. 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर ग्राम में स्वच्छता जागरूकता हेतु रैली, भाषण आदि का आयोजन।
11. 15 अक्टूबर को विश्व हाथ धुलाई दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन।
12. 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ संगोष्ठी एवं दौड़ का आयोजन।
13. 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं बच्चों के विकास से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन।
14. दिनांक 19 से 25 नम्वम्बर कौमी एकता से संबंधित व्याख्यान व रैली तथा श्रम दान।
15. दिनांक 16 से 22 नवम्बर तक ग्राम घंघरी में 7 दिवसीय रासेयो विशेष शिविर का आयोजन किया गया।
16. दिनांक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
17. दिनांक 26 नवम्बर को स्वच्छता जागरूकता रैली।
18. दिनांक 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस पर रैली।
19. 10 दिसम्बर को मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम।
20. 13 से 15 तक स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक का प्रशिक्षण लिया।
21. 20 जनवरी 2020 पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम।
22. 24 जनवरी 2020 बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन।
23. 26 जनवरी गणतंत्र दिवस।
24. 08 से 14 फरवरी तक राज्य शिविर में स्वयं सेवक कु. भारती यादव की सहभागिता रही।
25. 08 विश्व वानिकी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन।
26. 08 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।